

13:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 129 | epaper.rashtriyakhabar.com | ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष अष्टमी/नवमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

यदीच्छसि वशीकर्तुं जगदेकेन कर्मणा।

परापवादसस्येभ्यो गां चरन्तीं निवारय॥

भावार्थ : हे मनुष्य! यदि तू किसी एक ही कर्म द्वारा सारे संसार को अपने वश में करना चाहता है तो तू दूसरों की निंदा करनेवाली अपनी वाणी को वश में कर ले अर्थात् दूसरों की निंदा करना छोड़ दे।

### रांची पारा अपडेट



| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 37.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .21 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .08 बजे

## इजरायल के हमले में 25 की मौत

**तेल अबीब :** इजराइल और फिलिस्तीन के बीच पिछले 3 दिन से लगातार हमले जारी हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, 9 महीनों की सबसे बड़ी लड़ाई में अब तक करीब 25 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है, जबकि 64 लोग घायल हुए हैं। इसमें 5 महिलाएं और 5 बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा इजराइल ने फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद के टॉप मिसाइल कमांडर अली हसन गली उर्फ अबु मुहम्मद को भी मार गिराया है। बुधवार को गाजा में आतंकवादियों ने इजराइल पर 507 से ज्यादा रॉकेट दागे थे। इजराइली मिलिट्री के मुताबिक, इनमें से 368 रॉकेट बॉर्डर क्रॉस कर पाए, जबकि बाकी गाजा में ही रह गए। वहीं इजराइल की डिफेंस फोर्स ने गाजा में 158 से ज्यादा इस्लामिक जिहाद के ठिकानों को निशाना बनाया।

## ब्रिटेन में पैदा हुआ पहला सुपर बेबी

**लंदन :** ब्रिटेन में पहले सुपर बेबी ने जन्म लिया है। वैज्ञानिक तकनीक की मदद से जन्मे इस बच्चे में तीन लोगों का डीएनए है। इस प्रक्रिया में माता-पिता के 99.8फीसद व एक अन्य महिला के 0.1 फीसद डीएनए का उपयोग किया गया। इसके लिए माइटोकॉन्ड्रियल डोनर ट्रीटमेंट (एमडीटी) तकनीक का उपयोग किया गया है। एमडीटी तकनीक नवजात बच्चों को होने वाली खतरनाक और लाइलाज आनुवांशिक बीमारी माइटोकॉन्ड्रियल से बचाएगी। ब्रिटेन में कई बच्चे इस बीमारी के साथ पैदा होते हैं। यह रोग जन्म के कुछ दिनों या घंटों में घातक साबित हो सकता है। यह रोग जन्म देने वाली मां से बच्चे में स्थानांतरित होता है। बच्चे के पास उसके माता-पिता का न्यूक्लियर डीएनए होगा।

## सबसे युवा प्रधानमंत्री ले रही हैं तलाक

**कोपेनहेगेन :** फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मारिन की 19 साल पुरानी शादी टूट रही है। वह हाल ही में हुए चुनाव में हर चुकी हैं और अपना पद छोड़ने वाली हैं। चुनाव में हारने के बाद ऑफिस छोड़ने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह तलाक ले रही हैं। उनके पति और उन्होंने कोर्ट में तलाक की अर्जी दी है। मारिन ने इंस्टाग्राम में कहा, हमने एक साथ तलाक के लिए अर्जी दी है। हम 19 साल तक साथ में रहे इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं। मैं अपने पति से तलाक जरूर ले रही हूं, लेकिन वे मेरे बेस्ट फ्रेंड बने रहेंगे। उनके पार्टनर का नाम मार्कस रायकोनेन है और सना उनकी सबसे अच्छी दोस्त हैं। मार्कस ने अपनी इंस्टा प्रोफाइल पर इसकी घोषणा की।

## करोड़पति महिला इंजीनियर के घर छापा

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के इतिहास में भ्रष्टाचार के खिलाफ लोकायुक्त ने सबसे बड़ी और अलग तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। गुरुवार को राजधानी भोपाल में मारे गए छापे में संविदा नौकरी कर रही महिला सहायक इंजीनियर हेमा मीणा करोड़ों रुपए की संपत्ति की मालकिन निकली है। 13 साल की नौकरी में उसे जितनी सैलरी नहीं मिली है, उससे करीब तीन सौ गुना अधिक की संपत्ति उसके पास दिख रही है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**हिंसा** › मणिपुर के हालात अब पहले से ज्यादा गंभीर दो पुलिस की मौत

# चार लोगों को अगवा किया गया, छह अन्य घायल

- इंटरनेट सेवा पांच दिन निलंबित
- वहां जाने वाली सभी ट्रेनें रोकी गयी
- सेना की अपील अफवाहों से सावधान



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** कल से फिर मणिपुर के कई जिलों में जनजातीय समूहों द्वारा रैलियां निकाली गई। जिसके बाद मणिपुर में कई जगहों पर हिंसा देखने को मिली। वहीं अब भारतीय सेना ने नागरिकों से केवल आधिकारिक और सत्यापित स्त्रोतों के माध्यम से मिलने वाली जानकारी पर भरोसा करने का आग्रह किया है। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में तेरा खोंगफंगबी के पास उग्रवादियों की ओर से की गई गोलीबारी में 2 पुलिसकर्मी की मौत हो गई व 6 अन्य घायल हो गए। बताया कि गया है घायल पुलिसकर्मियों में से एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तोरबुंग से कुछ किलोमीटर दूर हुई, जहां राज्य में हाल ही में सबसे पहले हिंसा भड़की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने क्षेत्र से उग्रवादियों को खदेड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि तोरबुंग में संदिग्ध उग्रवादियों ने दो लोगों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। उन्होंने बताया कि अपहरण किए जाने के समय दोनों हाल में हुई हिंसा में अपने लूटे गए घर से खाद्य सामग्री लाने गए थे। उनका पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान टी मोलकोट गांव के पीछे एक उग्रवादी समूह ने हमारी टीम पर घात लगाकर हमला किया। हमें वहां सहायता के लिए बुलाया गया था और हमारे पहुंचने से पहले ही एक व्यक्ति घायल हो चुका था और दूसरे की मौत हो गई थी।मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति के बाद, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर जाने वाली सभी ट्रेनों को रोक दिया गया है।एनएफ रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची डे ने कहा कि स्थिति में सुधार ›› पेज 2 भी देखें

मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की पुलिस जांच में सुनाई पड़ी आवाज

# महिला भूत की हंसी से छात्रावास के छात्र परेशान




https://twitter?com/i/status/1655927000547348482

- मेडिकल के छात्रों ने पहले पता लगाने का प्रयास किया
- वहां के डीन ने इसे शरारत और अफवाह करार दिया
- पुलिस टीम पहुंची को वीडियो में रिकार्ड हुई हंसी

राष्ट्रीय खबर

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ के एक मेडिकल कॉलेज के छात्र इनदिनों महिला भूत से परेशान है। रात होते ही वहां किसी महिला के अट्टहास की आवाज सुनाई पड़ती है। कई मौकों पर कमरों का सामान भी उलट पुलट हो जाता है। वहां के छात्रों की शिकायत है कि खासकर रात में महिला की हंसी सुनाई देती है, जिसे सुनकर लड़कों के छात्रावास के निवासी विचलित होते हैं। मेडिकल कॉलेज के इस छात्रावास में 54 छात्र रहते हैं। अभी अधिकांश छात्र गर्मी की छुट्टी में घर चले गए हैं। छात्रावास में 5-6 छात्र रह रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वे पिछले कुछ दिनों से ऐसी आवाजों से डरे हुए हैं। रात होते ही बॉयज हॉस्टल में रहने वाले डर जाते हैं। इसी दौरान उनकी हंसी ›› पेज 2 भी देखें

नवीन पटनायक ने साफ कर दिया वह दोनों से दूर रहेंगे

# उड़ीसा के सीएम के स्टैंड में कोई बदलाव नहीं



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आज 2024 के राष्ट्रीय चुनाव के लिए विपक्ष के साथ काम करने की संभावना को खारिज कर दिया, यह घोषणा करते हुए कि उनकी बीजू जनता दल (बीजद) पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और यह हमेशा से योजना रही है। मुख्यमंत्री ने कल शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इसे शिष्टाचार भेंट बताया। यह पूछे जाने पर कि क्या बीजद अपने समान दूरी वाले रुख को बनाए रखेगा, उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमेशा से यही योजना रही है। 76 वर्षीय दिग्गज राजनेता हमेशा भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या कांग्रेस को समर्थन देने के मुद्दे पर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बैठक के दो दिन बाद, उन्होंने जोर देकर कहा कि यह जल्द ही नहीं बदलेगा, विपक्षी एकता में प्रमुख प्रस्तावक 2024 से आगे बढ़ता है। नवीन पटनायक की घोषणा 2024 में पूरे भारत में भाजपा के खिलाफ आमने-सामने की लड़ाई स्थापित करने के नीतीश कुमार के प्रयासों के लिए एक झटका है। श्री पटनायक ने कहा कि उन्होंने ओडिशा के सबसे बड़े मुद्दे, भुवनेश्वर से पुरी तक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को स्थानांतरित करने पर चर्चा करने के लिए पीएम मोदी से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि वह हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी राजधानी की इस यात्रा पर किसी अन्य राजनीतिक दलों से मिलने की कोई योजना नहीं है। श्री पटनायक ने इससे पहले बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मुलाकात की थी, जो भाजपा के सबसे तीखे आलोचकों में से एक हैं। ऐसी अटकलें थीं कि विपक्षी नेताओं से मुलाकात करके, ओडिशा के मुख्यमंत्री भाजपा को एक संदेश देना चाहते थे, जो उस राज्य में आक्रामक कदम उठा रही है जिस पर उसने 22 वर्षों तक शासन किया है। चूंकि श्री पटनायक 2008 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से बाहर हो गए थे, इसलिए जब एनडीए या विपक्ष का समर्थन करने की बात आती है तो बीजद अलग रहता है। साथ ही, पार्टी ›› पेज 2 भी देखें

चक्रवाती तूफान मोचा अति गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील

# बांग्लादेश और म्यांमार के करीब जमीन पर आयेगा




**भुवनेश्वर:** दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी पर सक्रिय गंभीर चक्रवाती तूफान ह्यमोचाह्न तीव्र होकर अति गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले छह घंटों के दौरान नौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ा मोचा अति गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने के साथ ही दक्षिणपूर्व बंगाल की खाड़ी से सटे मध्य में केंद्रित हो गया है। यह अभी पोर्ट ब्लेयर से लगभग 520 किमी पश्चिम- उत्तर पश्चिम में, कॉक्स बाजार (बंगलादेश) से 1010 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में और सितवे (म्यांमार) से 930 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में केंद्रित है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की पूर्वी मध्य खाड़ी क्षेत्र में 115-125 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली आंधी हवा चल रही है और इसके 12 मई की शाम से 140-150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़कर 165 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है और आगे बढ़कर 150 प्रति घंटे किलोमीटर तथा 14 मई की सुबह तक 175 किलोमीटर हो जायेगी और उसके बाद धीरे-धीरे कम हो सकती है। चक्रवाती तूफान के 14 मई को उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ने तथा पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी एवं दक्षिण-पूर्व बंगलादेश के साथ ही उत्तरी म्यांमार के तटों पर और अधिक तीव्र होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने मछुआरों और पर्यटकों को समुद्र तटों की ओर जाने से बचने की सलाह दी है।

आशंका है कि अब यूक्रेन का युद्ध और भीषण हो जाएगा

# ब्रिटेन ने यूक्रेन को स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइलें दी

राष्ट्रीय खबर



**लंदन:** ब्रिटेन ने यूक्रेन को कई स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइलें दी हैं, जिससे देश को रूसी बलों के खिलाफ एक उच्च प्रत्याशित जवाबी कार्रवाई से पहले एक नई लंबी दूरी की मारक क्षमता मिली है। जाहिर सी बात है कि इन लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल के बाद रूस की तरफ से भी और बड़े हथियारों का उपयोग होगा। इसी वजह से अब युद्ध के और व्यापक होने की आशंका व्यक्त की गयी है। यूके के रक्षा सचिव बेन वालेस ने यूक्रेन के दान को रूस की निरंतर क्रूरता के खिलाफ खुद का बचाव करने का सबसे अच्छा मौका बताते हुए गुरुवार को लेनदेन की पुष्टि की। बता दें कि स्टॉर्म शैडो एक लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल है, जिसमें स्टील्थ क्षमताएं हैं, जिसे यूके और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है, जिसे आमतौर पर हवा से लॉन्च किया जाता है। 250 किमी, या 155 मील से अधिक की फायरिंग रेंज के साथ, यह यूएस-निर्मित सतह से सतह पर मार करने वाली आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम्स की 185-मील रेंज क्षमता से कम है, जिसे यूक्रेन ने लंबे समय से मांगा है। गंभीर रूप से, स्टॉर्म शैडो के पास पूर्वी यूक्रेन में रूसी-अधिकृत क्षेत्र में गहरी मार करने की सीमा है। यूके को यूक्रेनी सरकार से आश्वासन मिला है कि इन मिसाइलों का उपयोग केवल यूक्रेनी संप्रभु क्षेत्र में किया जाएगा और रूस के अंदर नहीं। ब्रिटेन के अधिकारियों ने क्रीमिया को यूक्रेनी संप्रभु क्षेत्र के रूप में पहचानते हुए इसे अवैध रूप से कब्जा बताते हुए लगातार सार्वजनिक बयान दिए हैं। एक अमेरिकी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, मिसाइल रेंज के नजरिए से एक वास्तविक गेम चेंजर है। यूएस द्वारा प्रदान किए गए हथियारों पर यूक्रेन की वर्तमान अधिकतम सीमा लगभग 49 मील है। मिसाइलों की तैनाती ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेनी सेना देश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में क्रेमलिन के कब्जे वाले क्षेत्र को फिर से हासिल करने के इरादे से जवाबी कार्रवाई शुरू करने की तैयारी कर ›› पेज 2 भी देखें

**प्रमाणित** › कंगारू द्वीप में अजीब घटना को वैज्ञानिकों ने पहली बार देखा

# बचने के लिए मरने का नाटक कर रही थी चीटियां

- गलती से टीम की इस पर नजर पड़ी
- सभी को पहले मरा हुआ माना गया
- अभी इसके कारणों का खुलासा नहीं

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** चीटियों को हम इंसानों के मुकाबले बहुत अधिक अनुशासित और परिश्रमी जीव मानते हैं। यह एक प्रमाणित तथ्य है। इसके अलावा अपनी बस्ती के लिए वे कुशल कारीगर भी होते हैं क्योंकि उनकी टीलों के अंदर झांककर वैज्ञानिकों ने इसका पता पहले ही लगा लिया है। इस बार चीटियों के एक नये आचरण के बारे में जानकर दुनिया भर के वैज्ञानिक हैरान हैं। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय के शोधकताओं को यह जानकारी अचानक ही मिली है। इसके बारे में पहले से किसी ने कोई अध्ययन ही नहीं किया था। शोधदल दरअसल दूसरे विषय पर काम कर रहा था, अचानक ही चीटियों के मरने के नाटक पर उनका ध्यान गया तो उनकी इस विशेषता का पता चला। अब कंगारू द्वीप की चीटियों का यह गुण दूसरों में है अथवा नहीं, इसकी जांच होना शेष है। शोधकर्ता कंगारू द्वीप पर पिग्मी-ऑक्युम और बैट नेस्ट बॉक्स की जांच कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें चीटियों की एक मृत आबादी नजर आयी। पहले से यही समझा गया था कि सारी चीटियां मर चुकी हैं। इसी बीच नजर आया कि उनमें से एक हिला। तब इस पर पूरा ध्यान दिया गया तो पाया गया कि दरअसल सभी चीटीं जीवित थे और मृत होने का नाटक कर रहे थे। शोधकताओं का मानना है कि संभावित खतरे से बचने के लिए चींटियां रक्षात्मक रणनीति के रूप में मृत होने का यह खेल कर रही थीं।

पोलिरहैचिस फेमोराटा की कॉलोनियों वाले कुछ बक्सों में, कुछ व्यक्तियों को हिलना बंद करने में कुछ समय लगा, और अन्य नहीं रुके। व्यवहार के लिए इस आचरण का कारण दरअसल क्या था, उसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। वैसे माना गया है कि किसी शिकारी से बचने के लिए ही यह तरीका आजमाया गया था। प्रो पेटिट का कहना है कि घोंसले के बक्से चींटियों के मौत के बहाने वाले व्यवहारों का अध्ययन करने ›› पेज 2 भी देखें

### सीएसआईआरओ द्वारा प्रकाशित लेख में इस बारे में बताया गया है

सीएसआईआरओ द्वारा प्रकाशित लेख में इस बारे में बताया गया है। यह पहली बार है कि चींटियों की एक पूरी कॉलोनी को मौत का नाटक करते हुए रिकॉर्ड किया गया है, और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए पॉलीराचिस फेमोराटा चींटी प्रजाति का पहला रिकॉर्ड है। वन्यजीव पारिस्थितिकीविद्, यूनीसा के एसोसिएट प्रोफेसर एस. टोपा पेटिट का कहना है कि वह एक घोंसले के डिब्बे में मृत चींटियों की एक कॉलोनी की खोज करके हैरान थी। उनके मुताबिक चीटियां की नकल एकदम सही थी। प्रोफेसर पेटिट कहते हैं जब हमने बॉक्स खोला, तो हमने इन सभी मरी हुई चींटियों को देखा और फिर एक थोड़ी सी हिली। इस तरह की रक्षात्मक गतिहीनता केवल कुछ चींटियों की प्रजातियों के बीच जानी जाती है। कई अन्य जीवों में भी बचाव के लिए यह तरीका आजमाते पहले भी देखा गया था लेकिन चीटियों के मामले में यह पहली घटना थी।

# गुजरात के 68 न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति पर रोक

राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात के 68 न्यायिक अधिकारियों के जिला न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत करने को गैर कानूनी बताया और इस मामले के अदालत के विचाराधीन होने का हवाला देते हुए राज्य सरकार की अधिसूचना पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति सी. टी. रवि कुमार की पीठ ने न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नत करने के गुजरात उच्च न्यायालय की सिफारिश और इससे संबंधित राज्य सरकार की अधिसूचना पर रोक लगाने का आदेश दिया। पीठ ने पदोन्नति से विवाद संबंधी अंतिम फैसला आने तक 68 न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नति से पहले के पद पर ही बने रहने का आदेश दिया। पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति शाह ने फैसला सुनाते हुए हुए कहा कि संबंधित न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति का मामला अदालत के विचाराधीन है। ऐसे में उनकी पदोन्नति करने की अधिसूचना न्याय संगत नहीं है। न्यायमूर्ति शाह की नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में कहा कि न्यायिक अधिकारियों के पदोन्नति के लिए योग्यता, वरिष्ठता और जरूरी जांच अनिवार्य है। इनकी अनदेखी यह किया जाना गैर कानूनी है। शीर्ष अदालत के इस आदेश से जिन 68 न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति पर रोक लगी है, उनमें हरीश हसमुख भाई वर्मा शामिल हैं। श्री वर्मा ने मानहानि के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद श्री गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गयी थी।

## शहर >> अपडेट

### भागवत का लोहरदगा दौरा

रांची: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का केंद्र बिंदु तीन दिनों तक लोहरदगा रहेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कार्यक्रम में खुद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत मौजूद रहेंगे। आरएसएस का यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम को लेकर काफी गोपनीयता भी बरती गई है। आरएसएस की ओर से स्थानीय तौर पर कोई भी बयान नहीं दिया गया है। लोहरदगा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण वर्ग प्रांत के स्वयंसेवकों के लिए शनिवार से लोहरदगा में प्रारंभ हो रहा है। इसका समापन आगामी दो जून को होगा।

**योजना** अलग-अलग बनी समिति समाप्त,योजनाओं के क्रियान्वयन में आएगी तेजी

# कृषि आधारित केंद्रीय योजनाओं की स्वीकृति अब एकल समिति ही करेगी

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड में कृषि कार्य आधारित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की स्वीकृति के लिए अलग-अलग से बनी कमेटी से संबंधित अधिसूचनाओं और आदेशों को विलोपित करते हुए सभी योजनाओं के लिए मुख्य सचिव झारखंड की अध्यक्षता में एकल समिति,स्टेट लेबल स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। इस संबंध में कृषि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के सचिव के दिशा-निर्देश के आलोक में यह कार्य किया गया है। इससे अब हर योजनाओं के लिए अलग-अलग समिति के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। एक बार में योजनाओं की मंजूरी मिल जायेगी।राज्य में कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं जिसमें राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फूड एंड न्यूट्रिशन क्यूरिटी, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर आदि की योजनाओं की स्वीकृति अब एकल समिति के द्वारा ही की जायेगी। समिति के अध्यक्ष सीएस के अलावा वित्त विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव सदस्य होंगे। निदेशक कृषि, बीएयू के प्रतिनिधि, बागवानी एवं कृषि शोध कार्यक्रम रांची, राष्ट्रीय द्वितेयक कृषि संस्थान रांची, समन्वयक एसएलबीसी, नाबार्ड रांची, कृषि एवं कल्याण विभाग भारत सरकार के प्रतिनिधि को सदस्य बनाया गया है। समिति की बैठक में वार्षिक कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण संबंधित निदेशालय के प्रभारी निदेशक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तैयार करेंगे। सारे योजनाओं में सीएस के अनुमोदन के बाद ही कार्य होगा।तेयक कृषि संस्थान रांची, समन्वयक एसएलबीसी, नाबार्ड रांची, कृषि एवं कल्याण विभाग भारत सरकार के प्रतिनिधि को सदस्य बनाया गया है। समिति की बैठक में वार्षिक कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण संबंधित निदेशालय के प्रभारी निदेशक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तैयार करेंगे। सारे योजनाओं में सीएस के अनुमोदन के बाद ही कार्य होगा।

## पेज एक का शेष

### चार लोगों को अगवा .. ..

होने तक कोई ट्रेन मणिपुर में प्रवेश नहीं कर रही है। मणिपुर सरकार द्वारा ट्रेन की आवाजाही रोकने की सलाह के बाद यह फैसला लिया गया है।मणिपुर सरकार ने आज फिर पांच और दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित कीं।सरकारी अधिकारी ने कहा कि 12 मई को राज्य में तनाव के बीच राज्य में इंटरनेट सेवाओं को फिर से निलंबित कर दिया गया है।

इसके अलावा, यह आदेश मणिपुर राज्य के अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए जारी किया गया है और इस निलंबन आदेश के लागू होने तक तत्काल प्रभाव से अगले 5 (पांच) दिनों के लिए लागू होगा। राज्य सरकार ने एक अधिसूचना में कहा कि मणिपुर के पुलिस महानिदेशक ने बताया कि राज्य में रहने वाले प्रमुख समुदायों के स्वयंसेवकों/युवाओं के बीच लड़ाई जैसी घटनाओं की अभी भी खबरें हैं और घरों और परिसरों में आगजनी की खबरें हैं। इसके अलावा, यह भी आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता के जुनून को भड़काने वाली छवियों, अभद्र भाषा और नफरत भरे वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर उपयोग कर सकते हैं, जिसका मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति के लिए गंभीर परिणाम हो सकता है।और जबकि, राष्ट्र-विरोधी और असामाजिक तत्वों के डिजाइन और गतिविधियों को विफल करने और शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और सार्वजनिक / निजी संपत्ति के जीवन या खतरे के किसी भी नुकसान या खतरे को रोकने के लिए, गलत सूचना और झूठी अफवाहों के प्रसार को रोककर, सार्वजनिक हित में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त उपाय करना आवश्यक हो गया है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर के माध्यम से मोबाइल फोन और एसएमएस पर, आंदोलनकारियों और प्रदर्शनकारियों की भीड़ को सुविधाजनक बनाने और / या जुटाने के लिए, जो आगजनी / बर्बरता और अन्य प्रकार की हिंसक गतिविधियों में शामिल होने से जीवन का नुकसान और / या सार्वजनिक / निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### महिला भूत की हंसी .. ..

की आवाज सुनाई दी। इससे घर का फर्नीचर गिरा हुआ पाया गया। इसलिए जब रात का अंधेरा आता है, तो निवासी एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं। अब कहा जाने लगा है क छत्तीसगढ़ के महासमुंद राजकीय मेडिकल कॉलेज के ब्वॉयज हॉस्टल में रहने वालों पर भूतों का साया है। उस हॉस्टल के छात्रों का दावा है कि रात में हॉस्टल में एक महिला की हंसी सुनाई देती है। जब वे यह खोजने जाते हैं कि आवाज कहां से आ रही है, तो उन्हें कोई और नजर नहीं आता। ऐसा एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुआ। छात्रों के मुताबिक, पहले तो किसी ने इसकी ज्यादा परवाह नहीं की। लेकिन लगातार वो उस हंसी में खोए जा रहे हैं। कुछ छात्रों ने यह भी दावा किया है कि फर्नीचर के खड़खड़ाने की आवाज भी सुनी जा सकती है। कभी-कभी छत पर कुछ भारी गिरने की आवाज सुनाई देती है। लेकिन छत पर कुछ नहीं मिला।

छात्रावास में कम छात्र होने के दौरान यह परेशानी बहुत अधिक बढ़ गयी है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ दिनों से ऐसा शोर सुनकर वे डर गए हैं। लेकिन मेडिकल पढ़ने वाला कोई छात्र सहज ही इस पर विश्वास नहीं करना चाहता था। खबर मेडिकल कॉलेज के डीन तक भी पहुंची। इस बारे में डीन यास्मीन खान ने कहा, यह अफवाह के अलावा और कुछ नहीं है। पूरी घटना महासमुंद के पुलिस अधीक्षक को बताई। छात्रों के दावों की सच्चाई जानने के लिए पुलिस की एक टीम रात में हॉस्टल आई थी। वे उस हँसी को भी सुनते हैं। लेकिन टीम यह पता नहीं लगा पाई कि वह हंसी कहां से आ रही थी। हालांकि पुलिस अधीक्षक का दावा है कि कोई जानबूझ कर ऐसा कर रहा है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कौन हंस रहा है और इसके पीछे क्या राज है।

### उड़ीसा के सीएम के स्टैंड .. ..

ने विपक्षी बैठकों को छोड़ दिया है और जब केंद्र सरकार को संख्या की आवश्यकता होती है तो उसे उबारने के लिए जाना जाता है। मंगलवार को नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद पटनायक ने गठबंधन पर किसी तरह की चर्चा से जोरदार इनकार किया था। हमारी एक जानी-पहचानी दोस्ती है, और हम कई साल पहले सहकर्मी थे। आज किसी गठबंधन पर कोई चर्चा नहीं हुई।

### ब्रिटेन ने यूक्रेन को .. ..

रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश को जवाबी कार्रवाई शुरू करने से पहले अभी भी ह्थोड़ा और समयह्व चाहिए, ताकि देश में कुछ और पश्चिमी सैन्य सहायता का वादा किया जा सके। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा जो हमारे पास है के साथ हम आगे बढ़ सकते हैं और सफल हो सकते हैं। इस आपूर्ति के बीच यूक्रेन अभी भी बख्तरबंद वाहनों की प्रतीक्षा कर रहा है, जिसमें टैंक भी शामिल हैं। यह पहला नहीं है इस साल की शुरूआत में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने संकेत दिया था कि ब्रिटेन लंबी दूरी के हथियार भेजने पर विचार कर रहा है। हालांकि, अमेरिका पिछले एक साल से यूक्रेन को ऐसे हथियार उपलब्ध कराने में सतर्क रहा है जो उन्हें रूसी क्षेत्र के भीतर हमला करने में मदद कर सके। नीति के लिए रक्षा सचिव कॉलिन कहल ने अगस्त में संवाददाताओं से कहा कि यह अमेरिकी आकलन है कि यूक्रेन को वर्तमान में एटीएसीएमएस की आवश्यकता नहीं है जो वर्तमान लड़ाई के लिए सीधे प्रासंगिक हैं। यूक्रेन को भेजने के लिए तैयार किए गए हथियारों के मामले में ब्रिटेन अमेरिका से आगे निकल गया है। यह घोषणा करने वाला पहला सहयोगी था कि वह जनवरी में यूक्रेन को आधुनिक पश्चिमी टैंक भेज रहा था, जनवरी में 14 चैलेंज 2 टैंकों को गिरवी रखने से पहले अमेरिका ने घोषणा की कि वह जल्द ही एम-1 अब्राहम टैंक का योगदान देगा।

### बचने के लिए मरने .. ..

का अवसर पेश कर सकते हैं, जो जानवरों की प्रजातियों की विविधता की जांच करने वाले कई व्यवहारिक पारिस्थितिकीविदों के लिए बहुत रुचि रखते हैं। यह खोज कंगारू द्वीप नेस्ट बॉक्स प्रोजेक्ट के दौरान की गई थी, जहां विनाशकारी 2020 बुशफायर के बाद वन्यजीव रिकवरी प्रयासों के हिस्से के रूप में 13 विविध गुणों में 901 बॉक्स गुहाओं की निगरानी की गई है। कंगारू आइलैंड रिसर्च स्टेशन के सह-शोधकर्ता, पीटर हैमंड का कहना है कि वे नेस्ट बॉक्स प्रोजेक्ट के जरिए इनके बारे में नया सीख पाये हैं। उनके शोध के दायरे में कई सौ बक्सों में से अधिकांश जली हुई जमीन पर हैं, लेकिन नियंत्रण के रूप में हमारे पास कुछ अनजले गुणों पर भी हैं क्योंकि हमारा उद्देश्य बुशफायर रिकवरी में नेस्ट बक्सों के मूल्य का निर्धारण करना है। हम मानते हैं कि पॉलीराचिस फेमोराटा प्रजाति झाड़ियों से बहुत प्रभावित हुई थी।

असोक प्रो पेटिट का कहना है कि इस प्रजाति के बारे में बहुत कुछ खोजा जा सकता है। एसोच प्रो पेटिट कहते हैं, पॉलीरहाचिस फेमोराटा एक खूबसूरत आर्बरियल चींटी है जो काफी शमीर्ली होती है, लेकिन इसकी पारिस्थितिकी या व्यवहार के बारे में बहुत कम जानकारी है। हमारे पैरों के नीचे और पेड़ों में चींटियों की एक अपेक्षाकृत अज्ञात दुनिया है। चींटियां महत्वपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र सेवाएं प्रदान करती हैं और कंगारू द्वीप और अन्य जगहों पर कार्यात्मक पारिस्थितिक तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

यह बहुत ही रोमांचक है कि कंगारू द्वीप पर पॉलीरहैचिस फेमोराटा जैसी प्यारी प्रजाति रह रही है और हम इसकी पारिस्थितिकी के बारे में और जानने के लिए उत्सुक हैं।

पीड़क कार्रवाई पर लगी रोक

## निशिकांत दुबे को हाई कोर्ट से मिली राहत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**11 अप्रैल को रांची में सचिवालय मार्च मामले में सांसद निशिकांत दुबे को झारखंड हाईकोर्ट से शुक्रवार को राहत मिली है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। प्रार्थी निशिकांत की ओर से उनके खिलाफ धुर्वा थाने में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 12 जुलाई निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की।दरअसल, कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/ 2023 दर्ज किया गया था। इसमें सांसद निशिकांत दुबे के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक अमित मंडल , समीर उरांव सहित 41 नामजद एवं कई अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।भाजपा की ओर से खनिज समृद्ध राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, मौजूदा भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की उच्च दर के विरोध में इस मार्च का आयोजन किया गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस, वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था और लाठीचार्ज भी किया था। उस दौरान क्षेत्र में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। सचिवालय तक मार्च पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और रघुबर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्नपूर्णा देवी और राज्य के पार्टी सांसदों के नेतृत्व में शुरू हुआ था।पुलिस के मुताबिक पार्टी कार्यकताओं के एक समूह ने बोतलें और पत्थर फेंके, जिससे कुछ पुलिसकर्मी और मीडियाकर्मी घायल हो गए थे।

### खरीफ फसल 2023 के लिए मंत्री बादल ने की बीज वितरण की शुरूआत



रांची:कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने खरीफ 2023 के बीज वितरण की शुक्रवार से शुरूआत कर दी। गोड्डा जिले से ऑनलाइन बीज वितरण की शुरूआत हुई, जहां राज्य के सभी जिले के जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस दौरान विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीक, कृषि निदेशक चंदन कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद थे। चतरा और दूसरे जिलों के किसानों ने मौके पर पिछले दो सालों में कृषि क्षेत्र में मिले लाभों और बदलती जिंदगी के अनुभव भी साझा किये।

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर परिचर्चा

## बाबा साहेब के विचारों को सिद्धांतों को, हमें गांव-गांव तक ले जाना है: जयप्रकाश

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय रांची में पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर परिचर्चा हुई। प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता कार्यक्रम के संबंध में बताया कि एक दिवसीय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विचार चर्चा के रूप में संकल्प के साथ मनाया गया।मौके पर झारखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को सिद्धांतों को, हमें गांव-गांव तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान बनाकर वोट का अधिकार दिया। हमें अधिकार दिया कि जिसे हम चाहे ला सकते हैं बदल सकते हैं। लेकिन आज संसदीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है आज विरासत को मिटाया जा रहा है जो गंगा-जमुना संस्कृति है आज उसमें जहर घोला जा रहा है। उसके खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल के हमारे नेता लालू प्रसाद रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों को हम जिला अनुमंडल प्रखंड पंचायत गांव तक ले जाने का काम करेंगे। उसके लिए विचार गोष्ठी करेंगे। जहां बाबा साहब को याद करेंगे वहीं, डॉ राम लोहिया को याद करेंगे जननायक कपूर्री ठाकुर की याद करेंगे हम महात्मा फुले सावित्रीबाई को याद करेंगे।परिचर्चा को संबोधित करते हुए राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भाजपा समाप्त करना चाहती है। लगातार संविधान पर हमला हो रहा है, लोकतंत्र हमला हो रहा है, जिस तरह से आजादी के पूर्व जो शासन होता था वह वर्ण व्यवस्था के तहत होता था, आज मनुवादी प्रवृत्ति के लोग इस देश उसी और ले जाना चाहते हैं। जिस तरह से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए फंडामेंटल राइट्स दिया समानता का अधिकार ,स्वतंत्रता का अधिकार, राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने उसे पालन करने का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने किया।

## सहायक लोक अभियोजन की बहाली 107 में 47 बाहरी,छले गए झारखंडी: राजेन्द्र

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने सहायक लोक अभियोजन परीक्षाफल में 107 में 47 बाहरी लोगों की नियुक्ति पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि झारखण्डियों का शैक्षणिक भविष्य खतरे में है। प्रसाद ने कहा कि राज्य के पढ़े-लिखे झारखंडी अभ्यर्थियों की उपेक्षा करने का जब सरकार ने ही यह तय कर लिया है तो झारखण्डियों का शैक्षणिक भविष्य झारखंड में खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा राज्य में जिस तरह से बाहरी लोगों की सरकार में नियुक्ति हो रही है, इससे लगता है कि झारखण्ड में झारखण्डी वातावरण राज्य में कभी बन नहीं पाएगा।

प्रसाद ने कहा कि हेमंत सरकार ने 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति के नाम पर वोट लिया था। लेकिन सरकार जिस तरह से झारखण्डियों को धोखा दे रही है ,आने वाले चुनाव में निश्चित रूप से परिणाम सरकार और उनके गठबंधन के लिए घातक होंगा। प्रसाद ने कहा कि जो भी झारखण्डियों के अधिकार से खिलवाड़ करेगा अब वैसे लोगों को विधायक, सांसद, बनने नहीं दिया जाएगा उन्होंने कहा कि अब सरकार में वैसे दल को सरकार में लाया जाएगा जो झारखण्डियों के हित में काम करने के साथ-साथ भ्रष्टाचारियों के खिलाफ करवाई करेगी।

## कार्यकताओं को किया जा रहा टारगेट:बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**जमशेदपुर में भाजपा नेता अभय सिंह समेत हिंदूवादी नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई और गिरफ्तारी को लेकर सरायकेला जिला भाजपा कमेटी द्वारा शुक्रवार को विशाल धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी भी पहुंचे। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर पुलिस प्रशासन के साथ सरकार को भी आड़े हाथों लिया।धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा और बजरंग दल जैसे तमाम हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को जबरन टारगेट किया जा रहा है। जमशेदपुर के शास्त्री नगर में घटित हुई घटना में भाजपा नेता शामिल नहीं थे। बावजूद इसके साजिश के तहत कार्यकताओं को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। पार्टी इसे लेकर लंबी लड़ाई लड़ेगी। बाबूलाल मरांडी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब-जब राज्य में भाजपा सरकार बनी है, तब तक राज्य अमन -चैन से रहा है। किसी भी हिंदू के त्यौहार में कोई उपद्रव फसाद नहीं हुआ। लेकिन जैसे ही राज्य में हेमंत सरकार का गठन हुआ है, लगातार हिंसक झड़प दंगे और फसाद की घटनाएं होती रहती है।

**चुनाव प्रबंधन** भाजपा के बूथ लेवल पर बन रहे वाट्सएप ग्रुप

## 2024 का जंग जीतने के लिए बीजेपी ने चुनाव प्रबंधन पर दिया जोर

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** भाजपा 2024 का चुनावी जंग जीतने के लिए चुनाव प्रबंधन में जुट गई है। इसके तहत बूथ लेवल पर बन वाट्सएप ग्रुप बनाए जा रहे हैं। बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान के तहत हर बूथ पर कमिटी बनाने के अलावे भाजपा कार्यकर्ता-नेता को एक-एक वाट्सएप ग्रुप बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के केंद्रीय चुनाव प्रबंधन द्वारा झारखंड के सभी 29,485 बूथों के लिए वाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, झारखंड में 29,485 बूथों में से अब तक करीब 17,000 बूथों के लिए वाट्सएप ग्रुप प्रदेश भाजपा ने बना लिए हैं। वाट्सएप ग्रुप का नाम भी थोड़ा सा अलग है। विधानसभा के नाम के साथ बूथ नंबर देकर भाजपा कार्यकर्ता और नेता वाट्सएप ग्रुप बनाने में जुटे हैं। उदाहरण के तौर पर रांची-365 के नाम से वाट्सएप ग्रुप तैयार है, जिसमें विधानसभा का नाम रांची और बूथ नंबर 365 है। इस कार्य में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर पार्टी के सभी विधायक, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक वाट्सएप ग्रुप में 11 पदाधिकारी और 20 भाजपा के पन्ना प्रमुख को जोड़ने का प्रावधान है। इसके अलावे स्थानीय लोग, पार्टी के नेता, प्रमुख व्यक्ति जो उस मतदान केंद्र से जुड़े हैं, उन्हें जोड़े जायेंगे।इस वाट्सएप ग्रुप की मॉनिटरिंग भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा किया जाता है। इसके लिए पार्टी ने एक ऐप भी तैयार किया है, जिसका नाम सरल रखा गया है। इस पर पार्टी के नेता कार्यकर्ता क्षेत्र से संबंधित गतिविधि की जानकारी तश्वीर के साथ साझा करते हैं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण कुमार झा कहते हैं कि पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं, जिसके माध्यम से 2024 की तैयारी की जा रही है। वाट्सएप ग्रुप तो एक माध्यम है जिसके माध्यम से पार्टी के संदेश और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ता से लेकर आम लोगों तक पहुंचाने का काम किया जाता है। बूथ स्तर पर चाय के बहाने भाजपा कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे और एक बार फिर केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।इधर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि पार्टी 2024 के चुनाव को लेकर मिशन मोड में है और इसके लिए तैयारियां अनवरत जारी है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता राज्य भर में पार्टी के द्वारा दिए गए निर्देश के तहत कार्य कर रहे हैं। बहरहाल, भाजपा विरोधी दलों की हो रही गोलबंदी के बीच बीजेपी केंद्र में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि कुशल चुनाव प्रबंधन और संगठनात्मक मजबूती के बल पर 2024 के चुनावी नैया को पार लगाने में जरूर सफलता मिलेगी।

## शहर >> अपडेट

### पासवा ने नर्सो को किया सम्मानित

रांची: झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, महासचिव संजय प्रसाद, मुजाहिदीन इस्लाम, बासगा फातिमा ने विश्व नर्स दिवस के उपलक्ष्य में नर्सों के अदम्य साहस, सराहनीय योगदान एवं कर्तव्य परायणता के लिए नर्सों को सम्मानित किया। उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। पासवा की ओर से राज्य के सभी नर्स बहनों के प्रति भी आदर प्रकट किया गया। इसके साथ कोरोना काल मे मरीजो की उनके द्वारा की गई सेवा को याद किया जिसके कारण कई मरीजों की जान बच पाई थी। विश्व नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में रांची के प्रतिष्ठित रिम्स अस्पताल के मेडिसीन विभाग बरियातू में पासवा ने 50 से अधिक नर्सों को सम्मानित किया और उनके प्रति आदर प्रकट किया। इस मौके पर मेडिसीन विभाग यूनिट इंचार्ज डॉ संजय सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे।

**रिजल्ट** सीबीएसई 10वीं और 12वीं का निकला रिजल्ट

# एक बार फिर बेटों पर बेटियां भारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सीबीएसई ने आज 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। इस साल कुल 87.33% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इनमें से 90.68% लड़कियां और 84.67% लड़के हैं। लड़कियां, लड़कों के मुकाबले 6.01% आगे रहीं। 12वीं में 44 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 95% और करीब 1.12 लाख स्टूडेंट्स ने 90% मार्क्स हासिल किए हैं। त्रिवेंद्रम रीजन 99.91 पास परसेंटेज के साथ टॉप पर रहा। 98.64% के साथ बेंगलुरु दूसरी, 97.40% के साथ चेन्नई तीसरी, 93.24% के साथ दिल्ली वेस्ट चौथी और 91.84% के साथ पांचवी पोजिशन पर है। रांची की शुभांगिनी को साइंस में 98.2 फीसदी अंक मिले हैं। झारखंड के विद्यार्थियों का आंकड़ा अलग से जारी नहीं हुआ है। लेकिन पटना रीजन जिसके अंतर्गत झारखंड भी आता है, यहां 85.47 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। देश के 16 रीजन में पटना रीजन 10वें नंबर पर है। भुवनेश्वर, गुवाहाटी, भोपाल, नोएडा, देहरादून और प्रयागराज से पटना रीजन का रिजल्ट बेहतर है।



## रांची का रिजल्ट बेहतर है : डॉ. राम सिंह



**रांची:** डीपीएस रांची के प्रिंसपल और सीीएसई के कॉर्डिनेटर डॉ. राम सिंह ने मैट्रिक और इंटर रिजल्ट पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पटना रिजन में रांची और झारखंड का रिजल्ट बेहतर है। उन्होंने ेहतर करने वाशे स्टुडेंट्स को ाधाई दी और कहा कि आगे भी वे बेहतर करें।

### सीबीएसई की 10वीं में 93.12 फीसदी स्टूडेंट्स हुए पास

रांची: सीबीएसई की 10वीं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कुल 93.12 फीसदी स्टूडेंट्स इसमें उत्तीर्ण हुए हैं। इस साल उत्तीर्ण हुए छात्रों की संख्या पिछले साल की तुलना में 1.28 प्रतिशत कम हैं। इस साल 10वीं में त्रिवेन्द्रम जिला सबसे आगे रहा है। सीबीएसई 10वीं के परिणाम सीबीएसई ने यह घोषणा भी की है कि वह मेरिट सूची प्रकाशित नहीं करेगा। छात्र अपने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परिणाम उमंग एप्प और डिजीलॉकर के माध्यम से भी देख सकते हैं। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है और उनका उत्तीर्ण प्रतिशत 94.25 रहा है। वहीं लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.27 रहा। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, छात्रों के बीच निरर्थक प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए सीबीएसई द्वारा कोई मेरिट सूची घोषित नहीं की गयी। हालांकि, बोर्ड उन 0.1 प्रतिशत छात्रों को मेरिट प्रमाणपत्र जारी करेगा।

अभियान का पहला चरण संपन्न

## बच्चों को किया गया जागरूक पंछी को दाना-पंछी को पानी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी के किशोरगंज रोड नंबर-1 में स्थित एल। पी। पब्लिक स्कूल में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा ने पंछी को दाना-पंछी को पानी पर जन जागरूकता अभियान चलाया। जिसका पहला चरण शुक्रवार को संपन्न हो गया। अभियान में स्कूल के आठवीं, नौंवी और दसवीं के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिन्हें मट्टी का बर्तन और दाना दिया गया। ताकि वे पंछियों को खिलाएं।अभियान के माध्यम से छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। ताकि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को पीने का पानी और दाना मिल सके। जिससे उनके जीवन की रक्षा की जा सके। मनुष्य अपनी सुख-सुविधा के लिये तो हर उपाय करता है, लेकिन तपती गर्मी में बेजुबान पंछियों के पास अपने प्राणों की रक्षा के लिए कुछ नहीं होता। भीषण की गर्मी की वजह से रांची के छोटे बड़े तालाब सूख गये हैं। लगातार वृक्षों की कटाई के कारण भी पक्षियों के घोसले उजड़ रहे हैं।इस अभियान के जरिए लोगों को जागरुक करने की पहल अनूठी की गयी। स्कूल के बच्चों के बीच 200 मिट्टी के बरतन और दाना के पैकेट का वितरण किया गया। उन्हें बताया गया कि अपने घरों की छत और आंगन पर पानी भर कर रखना चाहिए। साथ ही पक्षियों के खाने के लिए दाना भी दें। ताकि पक्षियों को भटकना ना पड़े।एक ओर प्रकृति की पूजा हो रही है तो दूसरी ओर खिलवाड़ भी हो रहा है। जहां पहले के दिनों में पंछी हमारे घर-आंगन में सुबह शाम चहचहाते रहते थे। वहीं आज उनकी आवाज को लोग तरसते हैं।

बीएयू कुलपति ने सेब की खेती पर शोध कार्यो का किया अवलोकन

## गर्म जलवायु में उपयुक्त सेब प्रभेदों का विकास उत्साहवर्धक : डॉ सिंह

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), कांके, रांची के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की पहल पर फरवरी, 2022 में विवि के बायोडाइवर्सिटी पार्क एवं उद्यान विभाग में गर्म जलवायु में उपयुक्त सेब प्रभेदों पर अनुसंधान कार्य आरंभ किया गया है। दोनों स्थानों पर अनुसंधान के लिए सेब के चार प्रभेदों के कुल 140 पौधे को पायलट ट्रायल के रूप में लगाया गया था। जिसे एक वैज्ञानिक डाटाबेस तैयार को करने के लिए पायलट ट्रायल के रूप में शुरू किया गया। विवि के बायोडाइवर्सिटी पार्क एवं उद्यान विभाग के फार्म में सेब के एन्ना, स्कारलेट स्पर, जेरोमीन एवं हरमन झ 99 प्रभेदों को लगाया गया है।



जिसे वाईएस परमार वानिकी एवं उद्यान विश्वविद्यालय, नवनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश से मंगाया गया था। बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने शुक्रवार को बायोडाइवर्सिटी पार्क में लगे सेब के पौधों का अवलोकन किया। मात्र 14 महीनों में ही पौधों के विकास, पौधे पर फुल एवं फल लगने के आरंभिक प्रदर्शन को देख कुलपति काफी उत्साहित एवं आशान्वित है।

उन्होंने गर्म जलवायु में उपयुक्त सेब प्रभेदों के पौधे के विकास को उत्साहवर्धक बताया। कहा कि आने वाले दिनों में वैज्ञानिकों द्वारा शोध अध्ययन के सार्थक एवं सकारात्मक परिणामों का आकलन किया जायेगा। पांच वर्षो के बाद ही पौधे बढ़िया फल देने योग्य हो पाएंगे। अब आने वाले दिनों में इन चारों प्रभेदों में लगे फल का रूप, आकार, रंग, स्वाद एवं गुणवत्ता पर वैज्ञानिकों द्वारा शोध अध्ययन किया जायेगा। इन मापदंडो पर खरा उतरने, प्रति पौधा अच्छा उत्पादन एवं लाभ और राज्य की कृषि पारिस्थितिकी के अनुकूल होने पर निश्चित रूप से यह झारखंड के लिए वरदान साबित होगी।

कुलपति ने बताया कि पलामू जिले के बहुत सारे किसान सेब की खेती को लेकर काफी उत्सुक है। किसान अपने स्तर से ही पौधे को मंगाकर अपने खेतों में पौधारोपण कर रहे है। सेब की सफल खेती हेतु वैज्ञानिक डाटाबेस का होना जरुरी है। किसानों की मांग और उत्सुकता को देखते हुए क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, चियांकी, पलामू के फार्म में भी इस वर्ष फरवरी 2023 में सेब के चार प्रभेदों पर अनुसंधान प्रारंभ कराया गया है।

## रिम्स में शनिवार से हृदय जांच शिविर, राज्यभर के 1400 मरीजों की होगी जांच

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**झारखंड हृदय चिकित्सा योजना के तहत दो दिवसीय निशुल्क हृदय जांच शिविर की शुरूआत शनिवार को होगी। रिम्स में आयोजित जांच कैंप में राज्य भर के 1400 मरीजों को लाने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के




तहत मिले कार्डधारियों को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध करायी जाएगी। रिम्स में गहन स्क्रीनिंग के बाद गंभीर मरीजों का इलाज फाउंडेशन की ओर से राजकोट और अहमदाबाद में संचालित श्री सत्य साईं हृदय अस्पताल में किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी सिविल सर्जन को अपने-अपने जिले से मरीजों को लाने का निर्देश दिया है।

## गो फर्स्ट की सेवा बंद होने से ट्रैवल एजेंट्स की बढ़ी परेशानी, यात्री मांग रहे रिफंड

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** गो फर्स्ट ने अपनी विमान सेवा बंद कर दी। एक सप्ताह पहले एयरलाइंस कंपनी ने ये फैसला लिया। इसके साथ ही अन्य एयरलाइन कंपनियों ने अपने अपने किराया में वृद्धि कर दी। जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गयी है। वहीं, ट्रैवल एजेंसियों की भी समस्या बढ़ गयी है। विशेष परेशानी यात्रियों को रिफंड करने में आ रही है। गो फर्स्ट एयरलाइन कंपनी यात्रियों को रिफंड नहीं कर रही है। जबकि यात्री ट्रवल एजेंसियों से रिफंड की मांग कर रहे है। ऐसे में जितनी परेशानी एयरलाइन के इस फैसले से यात्रियों को हो रही है। उतनी ही परेशानी ट्रैवल एजेंसियों को हो रही है। ट्रैवल एजेंसी संचालित कर रहे शैलेश अग्रवाल ने इस संबंध में न्यूजविंग से बात करते हुए बताया कि रांची जिला में लगभग 50 एजेंसियां काम कर रही है। जिनका बिजनेस इन एयरलाइंस कंपनियों पर निर्भर है।

**आयोजन** विश्व नर्सिंग डे के मौके पर नर्सो के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन

## नर्सो की सेवा भाव से मरीज का दुख कम होता है : स्वास्थ्य मंत्री

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** विश्व नर्सिंग डे के मौके पर रिम्स में कार्यरत नर्सो के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, रिम्स के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, अधीक्षक डॉक्टर हीरेन बिरूवा, उपाधीक्षक डॉ एसके त्रिपाठी भी मौजूद रहे। बता दें कि वर्ष 1965 से हर वर्ष पूरे विश्व में फ्लोरेंस नाइटेंगल की याद में 12 मई को नर्स दिवस मनाया जाता है।विश्व नर्सिंग डे के मौके पर कार्यक्रम में मौजूद नर्सों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वो हमेशा ही नर्सों के साथ खड़े



रहते हैं। मंत्री ने कहा कि यदि स्वास्थ्य क्षेत्र में काम कर रही नर्स बहने ऐसे ही उनका साथ देती रही, तो वो दिन दूर नहीं जब हम गर्व से कह सकते हैं कि झारखंड एक समृद्ध और स्वस्थ राज्य है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद नर्सों ने कहा कि आज के कार्यक्रम के माध्यम से समाज को हम यह बताना चाहते हैं कि नर्सों की सेवा भावना को उचित सम्मान मिले, तभी एक समृद्ध और स्वस्थ राज्य की परिकल्पना की जा सकती है।रिम्स में कार्यरत नर्स आईवी रानी और अनीता कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग बेहतर कार्य कर रहा है, लेकिन अभी भी नर्सों की सुरक्षा और नियुक्ति को लेकर कार्य करने की जरूरत है ताकि रिम्स और राज्य के विभिन्न अस्पतालों में नर्सों की कमी को पूरी किया जा सके। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नर्स डे के अवसर पर राज्य के सभी नर्सों को वह आश्वस्त करते हैं कि उनका मंत्री बन्ना गुप्ता उनके साथ है। जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से नए नर्सों की भी नियुक्ति की जाएगी और राज्य भर में नर्सों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया और झारखंड को हाई कोट का नोटिस

रांची: झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स के डेंटल इंस्टिट्यूट में ट्यूटर पद पर कार्यरत डॉक्टरों की नियुक्ति मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झारखंड डेंटल काउंसिल और डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। इस मामले में अदालत अब 15 जून को सुनवाई करेगा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में प्रार्थी डॉ धर्मेंद्र कुमार सिन्हा की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन और अधिवक्ता शोभा लकड़ा ने पक्ष रखा। डॉ धर्मेंद्र सिन्हा ने अपनी याचिका में कहा है कि डेंटल इंस्टिट्यूट में ट्यूटर पद पर सिर्फ तीन वर्षो के लिए नियुक्ति करना डेंटल काउंसिल के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसलिए रिम्स की इस नियमावली को रद्द कर देना चाहिए।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड के लोगों को गर्मी से फिलहाल नहीं मिलेगी राहत, और बढ़ेगी गमी

रांची: राज्य में इस समय प्रचंड गर्मी पड़ रही है पारा 43 के पार होने लगा है। तेज धूप और गर्म हवा से लोग परेशान है। मौसम विभाग ने कई शहरों में तापमान और वृद्धि होने की संभावना जाहिर की है। पछुआ हवा और उमस भरी गर्मी से लोगों को हाल बेहाल है। मौसम विभाग ने साफ चेतावनी दी है कि बाहर निकलते वक्त अपना विशेष ध्यान रखें। इस बीच मौसम विभाग ने 16 और 17 मई को थोड़ी राहत की संभावना जताई है। संताल सहित कई इलाकों में तापमान में थोड़ी कमी आ सकती है साथ ही बादल के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। इसकी वजह से मौसम के मिजाज में थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा, रांची के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में गर्मी से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। अगले 24 घंटों के बाद आसमान में आंशिक बादल उभर सकते हैं। लेकिन हल्के बादल होने के कारण 16 और 17 मई को कहीं-कहीं छिटपुट बारिश होने की संभावना है लेकिन इससे पूरी तरह अभी राहत नहीं मिलेगी। पिछले 24 घंटे में तापमान में कोई खास बदलाव दर्ज नहीं किया गया है। गोड्डा सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कई जिलों का पारा 40 डिग्री से अधिक रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 38.4 दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 41.7 और मेदिनीनगर में 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बच्चें सपनों को लिखें और उसी के अनुसार कार्य योजनाएं बनाये : कुलपति

रांची: सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा में वार्षिक उत्सव सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा और सम्मानित अतिथि फादर नबोर लकड़ा एस.जे. और फादर ?लोरेंस कुजूर एसजे. ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रिंसिपल फादर इग्नाटियस लकड़ा ने मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथियों को गुलदस्ता और मोमेंटो देकर अभिनंदन किया। अतिथियों के स्वागत में स्कूली गायक मंडली ने शानदार प्रस्तुति दी। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने साल दर साल अपने अनुकरणीय एकेडमिक रिकॉर्ड के लिए स्कूल की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को संदेश दिया कि 15 साल बाद देश उनके हाथों में होगा। इसके लिए उन्हें अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपने देखने की हिम्मत करो। छात्रों को अपने सपनों को लिखना चाहिए और फिर उसके अनुसार एक कार्य योजना तैयार करनी चाहिए। फादर इग्नेशियस लकड़ा अपने संबोधन में कहा कि छात्रों जीत को एक आदत बनाओ, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त कर सकते है। इसके लिए सभी व्यक्तिगत और पर्यावरणीय संकटों को दूर करने का उन्होंने संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर छोटी सफलता का जश्न मनाया जाना चाहिए। चाहे वह शिक्षा में शीर्ष स्थान हो या अच्छे मानवीय गुण और मूल्य। यही समावेशी शिक्षा है। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षक अब गर्मी छुट्टी के बाद करेंगे उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन

रांची :उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन मामलें में जेसीइआरटी ने अपने पूर्व के आदेश में बदलाव किया है। जिसके बाद अब राज्य के सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को गर्मी की छुट्टी में कॉपी नहीं काटना होगा। इस आशय का पत्र जारी कर दिया गया है। जेसीइआरटी द्वारा जारी पत्र में कहा है कि जिन जिलों में 15 मई से तीन जून तक गर्मी की छुट्टी है। वहां अब 10 जून तक उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य पूरा होगा। जिन जिलों में गर्मी की छुट्टी 19 मई या उसके बाद से शुरू हो रही है। उन जिलों में छुट्टी शुरू होने के पूर्व उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन पूरा करने को कहा गया है। 10 जून तक स्कूलों में रिजल्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है। विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट 12 जून को प्रकाशित किया जायेगा। रिजल्ट प्रकाशन के दिन विद्यालयों में संगोष्ठी आयोजित करने व अभिभावकों को बुलाने को कहा गया है। स्कूलों को जेसीइआरटी द्वारा उपलब्ध कराये गये फॉर्मेट के अनुसार विद्यार्थियों का विषयवार रिजल्ट अपने संकुल साधन सेवी के पास जमा करने को कहा गया है। संकुल साधन सेवी 20 जून तक इसे ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर अपलोड करेंगे। 21 से 27 जून तक प्रखंड स्तर पर व 28 से 30 जून तक जिला स्तर पर रिजल्ट अपलोड किया जा सकेगा।

### झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद की नई नियमावली का गठन

रांची: झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद की नई नियमावली का गठन कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने नई नियमावली की अधिसूचना जारी कर दी है। अभी तक झारखंड स्टेट मेडिकल काउंसिल बिहार राज्य की मेडिकल काउंसिल की नियमावली के अनुसार चलाई जा रही थी। राज्य सरकार ने झारखंड राज्य मेडिकल काउंसिल के क्रियाकलापों को विनियमित करने के लिए झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद नियमावली 2023 का गठन किया है। अब इस नई नियमावली को झारखंड राज्य के गजट में प्रकाशित किया जाएगा। जिसके बाद यह प्रभाव में आ जाएगा। झारखंड की अपनी और नई नियमावली का लाभ उन एलोपैथिक डॉक्टर्स को मिलेगा जो हर साल मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस, एमडी, एमएस या या अन्य उच्चतर डिग्रियां प्राप्त करते हैं। झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद की नई नियमावली के अनुसार परिषद में 10 सदस्य होंगे। जिनका कार्यकाल 3-3 वर्ष का होगा। नई नियमावली के अनुसार मेडिकल काउंसिल के सदस्यों में से ही किसी एक का निर्वाचन अध्यक्ष के रूप में किया जाएगा। परिषद राज्य सरकार के अनुमोदन से निबंधक की नियुक्ति कर सकेगा। सदस्यों के बीच में से ही एक को कोषाध्यक्ष नॉमिनेट किया जाएगा। परिषद की बैठक हर वर्ष जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर महीने में होगी। आपात बैठक बुलाने का अधिकार काउंसिल के अध्यक्ष को रहेगा। झारखंड स्टेट मेडिकल काउंसिल की नई नियमावली के अनुसार परिषद की मुख्य जिम्मेदारी चिकित्सकों के रजिस्ट्रेशन की होगी। इसके तहत अस्थायी और बंद रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र परिषद जारी कर सकेगा। झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद किसी भी निबंधित डॉक्टर की पूर्ण विवरण पंजित में निर्धारित करेगा और डिग्री का वेरिफिकेशन भी कर सकेगा। इसके अलावा भी कई अधिकार मेडिकल काउंसिल को होगा।

### रेगुलेशन एक्ट एंड सेफगार्डिंग चिल्ड्रन राइट इन प्राइवेट स्कूल पर कार्यशाला

रांची: फी रेगुलेशन एक्ट एंड सेफगार्डिंग चिल्ड्रन राइट इन प्राइवेट स्कूल और उनके अधिकार विषय पर रांची प्रेस क्लब में एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य आरटीई के तहत जो प्रोविजन है जिसमें 25% नामांकन गरीब व अभीवंचित वर्ग के बच्चों कराने की बात की गयी। इसके लिए एक रणनीति इस कार्यशाला में बनाई गई। कार्यशाला में दिल्ली, उत्तर प्रदेश ,बिहार व बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने भी अपना योगदान दिया। अजय राय ने झारखंड अभिभावक संघ के द्वारा किये गए कार्यो के बारे में बताया कि किस तरह से फी रेगुलेशन एक्ट का ड्रा?ट तैयार करने में व उसको अमलीजामा पहनाने के साथ साथ उसके क्रियान्वयन में उन्होंने मदद की मांग की है। उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य के अंदर सरकार के निष्क्रियता के कारण यह एक्ट लागू नहीं हो पा रहा है। जिसका नाजायज फायदा प्राइवेट स्कूल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा की री एडमिशन कैपिटेशन और विभिन्न मदों में फिर से स्कूलों ने वसूली शुरू की है जिस पर लगाम लगाया जाना चाहिए। झारखंड राइट टू एजुकेशन फोरम के कन्वीनर हैं एके सिंह ने कहा कि 25 परसेंट का जो नामांकन की बात है। विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में वहां पर अभी भी बहुत सारी चुनौतियां हैं।

## शहर >> अपडेट

### डीएवी छात्रों का दसवी में शानदार प्रदर्शन

**तेनुघाट :** सीबीएसई द्वारा दसवीं की परीक्षा का परिणाम हुआ प्रकाशित हुआ। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम बेहतरीन रहा । प्राचार्या स्तुति सिन्हा ने सभी छात्रों को बधाई दी । साथ ही उसके उज्वल भविष्य की कामना की । विद्यालय की सफलता शिक्षकों एवं छात्रों के बेहतरीन परिश्रम का प्रमाण है । विद्यालय में दसवीं के कुल 64 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे । जिसमें प्रथम स्थान पर खुशी बंसल (96.4%), द्वितीय स्थान पर क्रांति कृष महतो(95%) तथा तृतीय स्थान पर तनिष्का बंसल (94.4%) रहीं । इन छात्रों ने अपने मेहनत को साकार रुप देते हुए । शिक्षकों के साथ-साथ अभिवावकों के सपनों को पूरा किया है । सफल सभी छात्र भविष्य में मेहनत के अनुरूप सफलता को प्राप्त करेंगे । सभी को उज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ बधाई ।विद्यालय परिवार ने छात्रों की सफलता का श्रेय छात्रों एवं उनके अभिभावकों को दिया । इस अवसर पर योगेन्द्र प्रताप, हलधर महतो, भास्कर कुमार, मुकुल कुमार, एस एस डे, रिंकी कुमारी, द्रविण कुमार, असगर अली, मुरारी कुमार ने बच्चों को बधाई दी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**कुजू:** सीसीएल कुजू क्षेत्र के नव पदस्थापित क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार ने पदभार ग्रहण के बाद विभिन्न परियोजनाओं के सुरक्षा प्रभारियों संग बैठक की। आयोजित बैठक सीसीएल जीएम कार्यालय कुजू के प्रांगण में क्षेत्रीय सुरक्षा कार्यालय में हुई। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं के सुरक्षा प्रभारियों से क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी में परिचय प्राप्त की। बैठक के दौरान सीसीएल क्षेत्र में सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, समाधान करने का भरोसा जताया। वही, कोयला चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर मौजूद सुरक्षा प्रभारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर हेमंत सिंह, मुकेश कुमार, यासर यराफत, मदन महतो, अजय कुमार दास, जितेंद्र नोनिया, लालचंद महतो, ईश्वर राम रविदास, नागेश्वर मुंडा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शहीदी दिवस को लेकर गुरुद्वारा में कार्यक्रम

**कुजू:** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू द्वारा शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीद दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत 12 से 22 मई तक अपराह्न 4 से 5 बजे तक स्त्री सतसंगत द्वारा सुखमणि साहिब जी का पाठ किया जाएगा। 23 मई को पूर्वाह्न सुखमणि साहिब जी के पाठ की समाप्ति के उपरांत चना-शरबत का प्रसाद वितरित किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी गुरुद्वारा के प्रधान अरविंदर सिंह ने दी।

### फाउंडेशन ने की द केरला स्टोरी दिखाने की मांग

**बेरमो:** बेरमो निवासी शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष सह निदेशक सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्रकाश कुमार सिंह ने फुसरो स्थित मेघदूत सिनेमा हॉल के संचालक राजेश कुमार सिंह एवं विक्की सिंह से फोन पर बातचीत के क्रम में सिंह ने सिनेमा हॉल संचालक से द केरला स्टोरी फि ल्म को मेघदूत सिनेमा हॉल में चलाने का आग्रह किया। बातचीत के दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने राजेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना को बताया कि फुसरो और आसपास के रहिवासी यह फि ल्म देखने के लिए काफी उत्सुक हैं।

### क्रशर मालिक पर बिजली चोरी का आरोप

**बेरमो:** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक की उपस्थिति में इन दिनों बेरमो अनुमंडल में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के दौरान पेटरवार थाना क्षेत्र के नावाडीह स्थित मां छिन्नमस्तिका स्टोन क्रशर में बिजली चोरी करते पकड़ा गया।

## हादसा > स्कूल से घर आ रही दो बच्चियां दुर्घटना में हुई बुरी तरह घायल

# गैस सिलेंडर लदे वाहन ने दोनों बच्चियों को लिया अपनी चपेट में





राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के बावन धारा खटाल निवासी राजू यादव की 5 व 6 वर्षीय पुत्री जो फोनिक्स पब्लिक स्कूल से वापस अपने घर जा रही थी। इसी क्रम में सौंदा स्थित किरण गैस एजेंसी के छोटा हाथी गाड़ी में इंडेन गैस लदा वाहन से खैरा मांझी के पास एक्सीडेंट हुआ। घायल बच्चियों के नाम सुषमा कुमारी व सोनाली कुमारी है। हालांकि दुर्घटना में गाड़ी भी पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल दोनों बच्चियों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# आरसीएमयू का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल के डीपी से मिला



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** आर सी एम यू का प्रतिनिधिमंडल सीसीएल के निदेशक कार्मिक से सीसीएल दरभंगा स्थित कार्यालय कक्ष में मिलकर श्रमिक समस्याओं के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की सीसीएल के निर्देशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्रा ने कहा श्रमिकों का वेलफेयर कंपनी की प्राथमिकता है। कुछ त्रुटियां अगर संगठन के संज्ञान में है तो मेरे समक्ष लाए जाने पर सही कार्यो का निपटारा हो इसका सतत प्रयास रहेगा। श्रमिकों का वेलफेयर प्रभावित ना हो अगर मजदूर प्रभावित होंगे संबंधित अधिकारी बक्से नहीं जाएंगे गिरिजा शंकर पांडे ने कहा श्रमिक समस्याओं का निपटारा एक तय सीमा के तहत हो बहुत से मामले का निपटारा मैं बरसों बरस लग जाना प्रबंधन की व्यवस्था पर सवालिया निशान है। सीसीएल के निर्देशक कार्मिक के समक्ष श्रमिक समस्याओं को यूनियन के द्वारा रखा गया जिसमें मुख्य रुप से मृत श्रमिक के आश्रित को आवेदन की तिथि से 3 माह के अंदर नियुक्ति आदेश प्रदान करने वैसे अवकाश प्राप्त कामगार या मृतक कामगार के आश्रित जिन के बीच पेंशन मद में काटा गया पैसा का भुगतान किए जाने हॉस्पिटल में नर्स तथा पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को दूर किए जाने न्याय के लिए न्यायालय में लंबित मामलों का एक कमेटी के माध्यम से समस्याओं का निपटारा जल्द किए जाने बर्खास्त श्रमिकों को पुनः बहाल किए जाने परियोजना तथा क्षेत्र में कार्मिक विभाग एवं असैनिक विभाग में अधिकारी की संख्या बढ़ाए जाने सहित अन्य मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशक कार्मिक में सकारात्मक पहल किए जाने का आश्वासन दिया साथ ही उत्पादन में सहयोग करने का अपील की।

## सीसीएल सीकेएस अरगड्डा क्षेत्र ने आंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर एकेसी के नर्स बहनों को किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** सीसीएल सीकेएस(बीएमएस) अरगड्डा क्षेत्रीय कमिटी द्वारा आदर्श क्षेत्रीय चिकित्सालय गिद्दी ए में कार्यरत नर्स बहनों को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के शुभ अवसर पर अंगवस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। नर्स बहनो में श्रीमती बी गुड़िया, किरण तारा कुजूर, माधुरी कश्यप, अंजुमती पुष्पा कश्यप, सरोज सोय, सुनैना कुमारी शामिल हैं, उनके सेवा कार्यों की सराहना भी की गई। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के प्रणेता फ्लोरैंस नाइटिंगेल को याद किया गया।उनके जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी गई।क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार, क्षेत्रीय सचिव प्रशांत बेल्थरिया ने नर्सिंग कार्य को बहुत बड़ी सेवा बताया। नर्स बहनो ने भी भारतीय मजदूर संघ की इस सम्मान के लिए सराहना की। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार टुडू, विकास सोरेन, रामसेवक सिंह, धीरज कुमार सिंह, बालेश्वर करमाली, भोगेन्द्र ठाकुर,विनोद कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह, अजय कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे।

## कब मुक्त होगा अतिक्रमणकारियों से बुधनी बाजार




राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म के होसिर मौजा में पहले कभी बुधनी बाजार लगा करता था।सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को लगने वाले बाजार को ग्रामीण बुधनी बाजार के नाम से जानते थे। वर्ष 1970 के पूर्व तक सरकार द्वारा बुधनी बाजार का डाक भी होता रहा था। सरकार द्वारा बाजारों का डाक बंद होने के बाद उक्त बाजार पर से प्रशासन का ध्यान हट गया। फिर समय अंतराल में कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा बुधनी बाजार को अतिक्रमण कर लिया गया। जिस कारण बुधनी बाजार अतीत के पन्ने में दफन होकर रह गया है। साड़म-होसिर के ग्रामीण सरकार के समक्ष सवालिया निशान लगाते हुए कह रहे हैं कि आखिर कहां गया साड़म का बुधनी बाजार। ग्रामीण सरकार से बुधनी बाजार को एक बार फिर से जीवित करने की मांग कर रहे है।

## पीटीपीएस महाविद्यालय में एआईएसएफ ने शोक सभा का आयोजन किया

राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** बीते गुरुवार 11मई को अहले सुबह एआईएसएफ के पलामू जिला अध्यक्ष व राज्य परिषद सदस्य झारखंड साथी सुजीत पांडे उर्फ विदेशी साथ ही जिला कार्यकारिणी सदस्य रामगढ़ के विशाल कुमार की सासाराम से पलामू लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना हो गई जिसमे सुजीत पांडे की मौके पर ही मृत्यु हो गई और राहुल कुमार को वाराणसी के बीएचयू हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में उनकी मृत्यु हुई। उनके साथ में दुर्घटना में साथ रहे बिट्टू दुबे फिलहाल सुरक्षित हैं।इस घटना को लेकर एआईएसएफ के साथ साथ अन्य छात्र काफी शोक में हैं। उक्त बातें एआईएसएफ के प्रदेश महासचिव लोकेश आनंद ने आज



पतरातु के पीटीपीएस महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा में कही उन्होंने कहा कि हमारे तीनो साथी काफी लड़ाकू थे साथी सुजीत के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के अंदर गरीब छात्र अपनी आवाज को बुलंद कर पाते थे आज वो आवाज दब गई।झारखंड के लिए उन्होंने कई जिलों में जाकर छात्रों को आवाजों को बुलंद करने का काम किया था। वो एक उभरता हुआ नेता थे मगर आज हमने एक भविष्य को और अपने सबसे चहेते साथी को खो दिया। शोक सभा के दौरान उन्होंने सभी ने दिवंगत साथी को क्रांतिकारी सलाम किया और इस श्रद्धांजलि सभा में उनके संकल्प और सपनो को आगे बढ़ाने का निश्चय किया। इस मौके पर उपस्थित प्राचार्य रमन चंद्र, प्रो भुवनेश्वर साहू, छात्र नेता विशाल कुमार, छात्र नेता महफूज आलम, चंदन कुमार, स्वाति कुमारी, राखी सिंह, अंजली कुमारी, आयुष श्रीवास्तव, नंदिनी कुमारी, भारती कुमारी आदि उपस्थित हुए।

## आस्था > श्री पवनपुत्र हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना, भंडारा आज

# वेदी पूजन समेत कई धार्मिक अनुष्ठान कराए गए

राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** नया बाजार टांड कुजू श्री श्री पवनपुत्र हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मन्दिर समिति व ग्रामीणों द्वारा धूमधाम व हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वाराणसी से आये यज्ञाचार्य डॉ उमाशंकर त्रिपाठी की अगुवाई में सहयोगी डॉ कमलेश तिवारी, नितेश शास्त्री, मन्दिर पुजारी पवन कुमार तिवारी ने यजमान बने बालेश्वर शर्मा, चिंटू सिंह व विमल गुप्ता सपत्नीक के हाथों यज्ञमण्डप परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन समेत कई धार्मिक अनुष्ठान कराए



गए। साथ ही, मन्दिर परिसर में स्थापित श्री हनुमंत एवं सर्व देवी-देवताओं का विधिवत पूजार्चना की गयी। वही, देर संध्या गाजे बाजे के बीच महावीरी झंडे के साथ श्रद्धालुओं ने नगर भ्रमण की।
तत्पश्चात महावीर झंडे को मंदिर प्रांगण में रोपण किया गया।
इस दौरान देवी देवताओं के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। वही, मन्दिर समिति अध्यक्ष सातो सिंह ने बताया कि आगामी 13 मई को हवन, महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से वार्षिकोत्सव में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। मौके पर सूरज सिंह, अनिल सिंह, अमर सिंह, इंद्र गुप्ता, बैजू गुप्ता, रामकिशोर प्रसाद, जयकुमार ओझा, नरेश वर्मा, सुभाष सिंह, चंदन सिंह, सूरज तिवारी, अमित कुमार, ऋषि कुमार, शेर सिंह समेत कई महिला- पुरुष शामिल रहे।

### डीएवी तेनुघाट के बारहवीं के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**तेनुघाट :** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम बेहतरीन रहा । प्राचार्या स्तुति सिन्हा ने सभी छात्रों को बधाई दी साथ ही उसके उज्वल भविष्य की कामना की । विद्यालय की सफलता शिक्षकों एवं छात्रों के बेहतरीन परिश्रम का प्रमाण है । विद्यालय में विज्ञान संकाय में कुल 17 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे । जिसमें प्रथम स्थान पर रिया कुमारी (77.4%), द्वितीय स्थान पर मौसमी घोष (72.4%) तथा तृतीय स्थान पर स्नेहा कुमारी (72.2%) रहीं। वाणिज्य संकाय में कुल 7 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसमें से प्रथम स्थान पर अंकित अग्रवाल (83.4%), द्वितीय स्थान पर रोशन कुमार (82.2%) और तृतीय स्थान पर कुणाल किशोर (74%) रहा। इन छात्रों ने अपने मेहनत को साकार रुप देते हुए, शिक्षक के साथ-साथ अभिवावकों के सपनों को पूरा किया है । सफल सभी छात्र भविष्य में मेहनत के अनुरूप सफलता को प्राप्त करेंगे। सभी को उज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ बधाई ।विद्यालय परिवार ने छात्रों की सफलता का श्रेय छात्रों को दिया । इस अवसर पर योगेन्द्र प्रताप, हलधर महतो, भास्कर कुमार, मुकुल कुमार, एस एस डे, रिंकी कुमारी, द्रविण कुमार, असगर अली, मुरारी कुमार ने बच्चों को बधाई दी।

### गोला उपप्रमुख विजय ओझा की दोनो बेटियों ने 10 वीं एवं 12 वीं परीक्षा में लहराया परचम



**गोला :**सीबीएसई द्वारा संचालित 10वीं एवं 22वीं की परीक्षा के परीक्षाफल प्रकाशित होने के साथ ही गोला के लिए स्वर्णिम पल रहा। इस परीक्षा में गोला प्रखंड के उपप्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा की दोनों पुत्रियाँ भाव्या ओझा ने 12वीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत एवं दिव्या ओझा 94.2 प्रतिशत अंक लाकर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया। भाव्या ओझा और दिव्या ओझा रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत थी। उनकी इस सफलता के लिए उनके पिता विजय ओझा एवं माता पुष्पा ओझा के अलावे क्षेत्र के गणमान्य बुद्धिजीवियों ने बधाई दी है तथा उनके सुनहरे भविष्य की कामना की है।

### एसएसवीएम पतरातू थर्मल विद्यालय के 12वीं के छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पतरातू:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू थर्मल के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई 12वीं की वार्षिक परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की हैं। इस विद्यालय के साइंस और कॉमर्स में 16 छात्र छात्राएं सम्मलित हुए थे। साइंस में सोनम कुमारी को 75.6 प्रतिशत, साक्षी 68 प्रतिशत, ज्योति कुमारी 64.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। जबकि कॉमर्स में खुशी कुमारी 68 प्रतिशत, सुष्मिता कुमारी 65 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मनोज साहू, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार, सचिव सूरज कुमार, सह सचिव संजीत सिंह, प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाठक और विद्यालय परिवार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातू के 12वीं के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पतरातु :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया गया इस परीक्षा में डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातू के विज्ञान और वाणिज्य के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। 5 बच्चो ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में विभांस कुमार ने सर्वाधिक 95.2% अर्पिता कुमारी ने 92% से 92% प्रियांशु शर्मा ने 91 प्रतिशत ,पी दिव्यानी 90.6% अंक, जया झा ने 86.4 प्रतिशत, कृति कुमारी 88.6 प्रतिशत, ऋचा दूबे 82.8 प्रतिशत, याशीन अहमद 81 प्रतिशत और प्राची पूरी ने 80.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया । वहीं वाणिज्य संकाय के छात्रों का भी प्रदर्शन भी उत्तम रहा। जिनमे स्नेहा रानी ने वाणिज्य संकाय में विद्यालय में टॉप किया। इसमें आर्या सिंह, कसक कुमारी ने बेहतर प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा अपने सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं शिक्षकों में कुमार अनिल सिंह ,पंकज कुमार झा, खेल शिक्षक प्रमोद पाठक, कौशल किशोर शर्मा, सुधीर कुमार सिंह, राकेश चौधरी, विनय पाठक अनिल सिंह , वीरेंद्र कुमार राजेश कुमार, संगम क्रांत नितील कुमार ,मीना मिश्रा, मनीषा घोषाल, बिपाशा घोष , पूजा सिंह ,जकी अनवर, सुनील कुमार चौधरी, विनोद पाठक, आर सी महतो,बिपिन रंजन तिवारी शामिल है बच्चों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पाः सी.बी.एस. ई.बारहवीं परीक्षा परिणाम में बहनों ने मारी बाजी



**रजरप्पा :** कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के बहन आँचल ने बारहवीं विज्ञान संकाय में 84.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही, जबकि बहन अमीषा 83.6 प्रतिशत लाकर द्वितीय टॉपर बनी। कला संकाय में बहन कुमकुम 80.2 प्रतिशत लाकर प्रथम टॉपर तथा बहन जाह्नवी 80 प्रतिशत अंक प्राप्तकर विद्यालय में द्वितीय टॉपर बनी। विज्ञान संकाय में बहन गीतांजलि 82.6 तथा बहन ऋषिका 82.4 प्रतिशत,बहन प्रियंका 73 प्रतिशत,संकेत कुमार 72.6 तथा अभिषेक कुमार 70.6 ,प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।
विज्ञान एवं कला दोनों संकाय में कुल 33 विद्यार्थी सी.बी.एस. ई. बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, इसमें प्रथम श्रेणी से19 एवं द्वितीय श्रेणी 14 विद्यार्थी उतीर्ण हुए। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद सहित विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद सचिव गोपाल नायक, सह सचिव सुधाकर सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं सुनील कुमार सिन्हा ने सभी सफल भैया-बहनों को शुभकामना देते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामना की तथा उनकी सफलता को शिक्षकों एवं अभिभावकों के परिश्रम का परिणाम बताया।

### अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सो को दी गई शुभकामनाएं

**पतरातू :** एक मरीज को ठीक करने में जितना योगदान चिकित्सक का होता है उतना ही एक नर्स का भी होता है। अपने जीवन को खतरे में डालकर भी नर्स मरीज की देखरेख करती है। नर्स के सेवा भाव को सम्मान देने के उद्देश्य से हर साल 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। इसी खास मौके पर शुक्रवार 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर पतरातू थाना के एसआई दिनेश तिवारी ने खैरा मांझी स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर समर्पण और सेवा भाव की प्रतिमूर्ति सभी नर्सो को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने सभी नर्सिंग कर्मियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा में नर्सो का हमेशा से महत्वपूर्ण स्थान रहा है। चिकित्सक को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। और हमारी नर्स बहने भी देवी स्वरूप होती हैं जो निस्वार्थ भाव से मानवता की सच्ची सेवा कर दूसरे के जीवन को खुशियों से भर देती है। इस मौके पर मैक्स अस्पताल के चिकित्सक सह संचालक डॉ मनोज गुप्ता, कांग्रेस पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, बाल्मीकि यादव, परमानंद राजीव सहित अस्पताल के दर्जनों नर्स व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

संपादकीय

# सर्वोच्च न्यायालय ने खींच दी एक नई लक्ष्मण रेखा

ऊपरी तौर पर यह सच है कि एकनाथ शिंदे की सरकार बच गयी है क्योंकि उद्धव ठाकरे को दोबारा मुख्यमंत्री बहाल करने से शीर्ष अदालत ने इंकार कर दिया है। लेकिन इस एक संविधान पीठ के फैसले ने भाजपा को विधायक तोड़कर सरकार बनाने की कवायद पर रोक लगाने का भी काम कर दिया है। इस फैसले में जो कुछ कहा गया है वह भविष्य में भी एक लक्ष्मण रेखा की तरह अटल रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को महाराष्ट्र राजनीतिक पंक्ति के मामले में फैसला सुनाया कि अध्यक्ष को उचित अवधि के भीतर अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेना चाहिए। इस बात के बाद अब सभी की निगाहें अध्यक्ष राहुल नार्वेकर पर हैं। श्री नार्वेकर फिलहाल टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि वह पूर्व-निर्धारित दौरे पर लंदन में हैं और 15 मई को लौटेंगे। श्री नरवेकर एक युवा नेता के रूप में शिवसेना में शामिल हुए। शिवसेना छोड़ने के बाद, वह 2014 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में शामिल हो गए और उन्हें मावल निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया। वह सीट हार गए और विधानसभा



चुनाव से पहले 2019 में भाजपा में शामिल हो गए और कोलाबा सीट जीती। वह एक वकील थे और राजनीति में आने से पहले उनकी वकालत अच्छी चलती थी। उनके ससुर एनसीपी के एक वरिष्ठ नेता और विधान परिषद के पूर्व अध्यक्ष रामराजे नाइक-निंबालकर हैं। एकनाथ शिंदे की सरकार बनने के बाद, 3 जुलाई, 2022 को, श्री नरवेकर विजयी हुए, उनके पक्ष में कुल 164 वोट पड़े और वे अध्यक्ष बने। एक पद जो जनवरी 2021 से नाना पटोले के इस्तीफे के बाद से खाली पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की बेंच ने 11 मई को पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला नहीं किया और कहा, यह अदालत सामान्य रूप से 10वीं अनुसूची (दलबदल के आधार पर अयोग्यता] के तहत अयोग्यता के लिए याचिकाओं पर फैसला नहीं कर सकती है। मौजूदा मामले में ऐसी कोई असाधारण परिस्थितियां नहीं हैं जो अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए इस अदालत द्वारा अधिकार क्षेत्र के प्रयोग की गारंटी देती हैं। अध्यक्ष को उचित अवधि के भीतर अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने शिंदे समूह के उम्मीदवार भरत गोगावाले को शिवसेना पार्टी के नए मुख्य सचेतक के रूप में मान्यता देने के श्री नार्वेकर के फैसले को गैरकानूनी ठहराया। एक राजनीतिक दल और एक विधायक दल के बीच के अंतर पर जोर देते हुए, अदालत ने कहा, यह मानने के लिए कि यह विधायक दल है जो सचेतक नियुक्त करता है, लाक्षणिक गर्भनाल को तोड़ना होगा जो सदन के सदस्य को राजनीतिक दल से जोड़ता है। इसलिए क्या होता है इस पर सभी की नजर है क्योंकि उस समय सुनील प्रभु की मान्यता पर क्या होगा, यह नार्वेकर को तय करना है। सुनील प्रभु को मूल रूप से शिवसेना पार्टी द्वारा मुख्य सचेतक के रूप में नियुक्त किया गया था। विशेषज्ञों की राय है कि श्री नरवेकर को श्री प्रभु द्वारा जारी व्हिप का उल्लंघन करने वाले 16 विधायकों को अयोग्य घोषित करना चाहिए। लोकसभा के पूर्व महासचिव आचार्य ने कहा, अध्यक्ष के पास शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने के अलावा कोई विकल्प नहीं है. क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राजनीतिक दल यानी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी व्हिप जारी कर सकती है. इसका मतलब शिंदे गुट है जिसने व्हिप की अवहेलना की, इसलिए स्वाभाविक रूप से वे अयोग्य होने के लिए उत्तरदायी हैं। राजनीतिक विश्लेषक और लेखक निखिल वागले ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि व्हिप का चयन अवैध है, तो पूरी प्रक्रिया अवैध है, इसलिए अध्यक्ष के पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। लेकिन श्री नार्वेकर खुले तौर पर पक्षपाती हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वह प्रक्रिया में देरी करेंगे और अंत में एक फैसला देंगे, जहां श्री ठाकरे को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट जाना होगा। इसलिए शीर्ष अदालत का यह फैसला कई अर्थों में न सिर्फ महत्वपूर्ण है बल्कि भविष्य के लिए किसी दल को तोड़कर सरकार बनाने की कवायद पर एक चेतावनी भी है। वैसे इस एक फैसले का सबसे अधिक असर भाजपा पर ही पड़ेगा, जिसने कर्नाटक, मध्यप्रदेश में सरकार बनाने के बाद महाराष्ट्र में ऐसा खेल किया था। पूर्वोत्तर भारत में भाजपा की बढ़ती साख के पीछे भी कुछ ऐसा ही खेल रहा है। विधायकों की खरीद फरोख्त रोकने के लिए जो दल बदल कानून बनाया गया था, उसके कानूनी छेदों का भाजपा ने लाभ उठाया है। अब भविष्य में भी शीर्ष अदालत का यह फैसला पार्टी के व्हिप का उल्लंघन करने वालों को ऐसा करने से रोक देगा क्योंकि इससे उनकी सदस्यता खतरे में पड़ जाएगा। वैसे महाराष्ट्र में शिंदे की सरकार के फिलहाल बच जाने के बाद भी विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर नार्वेकर क्या फैसला लेते हैं, इस पर सभी की नजर रहेगी।

# पाकिस्तान में फैला राजनीतिक आतंक



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी और फिर उनकी रिहाई के बाद हालात बेकाबू हो रहे हैं। इसके बाद भी उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत ने उनको प्रकरण में बरी नहीं किया है, केवल जिस स्थान से गिरफ्तार किया, वह तरीका गलत बताया है। इस दौरान पाकिस्तान में जो चला या चल रहा है, उसे किसी भी प्रकार से पाकिस्तान के लिए हितकारी नहीं माना जा सकता। तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकताओं ने एक प्रकार से पाकिस्तान को राजनीतिक आतंक की आग में झोंकने का काम किया है। पिछले कई वर्षों से बेहद दयनीय स्थिति का सामना कर रहे पाकिस्तान में इस प्रकार के हालात उत्पन्न करना अपने स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही कहा जाएगा। इसी कारण पाकिस्तान की स्थिति दिनों दिन और ज्यादा विकराल होती जा रही है। ऐसी स्थिति में सरकार के विरोध में खतरनाक ढंग से प्रदर्शन करना कहीं न कहीं पाकिस्तान के लिए खतरे की घंटी निरूपित होता जा रहा है। इससे पाकिस्तान की स्थिति और ज्यादा खराब ही होती जाएगी।



**सुरेश हिन्दुस्थानी**
पत्रकार

पाकिस्तान की विसंगति यही है कि वहां आतंकवाद को खुले तौर पर आश्रय दिया जाता है। आतंकी आकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाली सरकार न चाहते हुए भी उनके संकेत पर कार्य करने के लिए विवश रहती है। इतना ही नहीं पाकिस्तान की सेना भी दूसरे देश के लिए आतंकियों जैसा ही व्यवहार करती है। आज पाकिस्तान की स्थिति को देखते हुए यह सहज ही कहा जा सकता है कि आतंक केवल आतंकवादी ही नहीं फैलाते, बल्कि हर स्तर पर आतंक का सहारा लिया जाता है। अभी जिस प्रकार से राजनीतिक प्रदर्शन किया गया, वह प्रदर्शन कम आतंक फैलाने वाला ज्यादा दिखाई दे रहा है। हालांकि पाकिस्तान के लिए किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले चले हैं। जब कोई नई सरकार बनती है कि पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया को राजनीतिक विद्वेष का शिकार होना पड़ा है। वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाई नवाज शरीफ भी इसके शिकार हो चुके हैं। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो यही कहना तर्कसंगत होगा कि पूरा पाकिस्तान राजनीतिक विद्वेष की अवधारणा को लेकर ही राजनीति कर रहा है। जहां तक पाकिस्तान की सेना की बात है तो यह सर्वविदित है कि सेना के संरक्षण में ही पाकिस्तान की सरकार बनती है, जैसे ही सरकार सेना के विरोध में आती है, तब पाकिस्तान की सरकार का या तो तख्तापलट हो जाता है या फिर सेना किसी दूसरे दलों को समर्थन देकर नई सरकार बनवा देती है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में जब इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सत्ता में आई थी, तब इमरान खान की पार्टी को कुछ दलों के साथ स्पष्ट बहुमत मिला था, इस समय सेना का पूरा समर्थन इमरान को प्राप्त था। आज से एक साल पूर्व पाकिस्तान की इमरान खान सरकार को सत्ता से बेदखल कर शहबाज शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। इमरान खान के समर्थन में इस बार का प्रदर्शन खतरनाक स्थिति में है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि आगजनी की घटनाओं के बाद पूरे पाकिस्तान में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहां सरकारी वाहनों पर खतरनाक ढंग से पत्थरबाजी की जा रही है। जिससे जहां एक ओर आठ से ज्यादा नागरिक और कार्यकर्ता मारे गए हैं, वहीं कई घायल भी हुए हैं। इन घटनाओं से इस बात के साफ संकेत मिल रहे हैं कि पाकिस्तान बहुत बड़े गृह युद्ध की ओर कदम बढ़ा रहा है। स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो यह कहना समीचीन होगा कि पाकिस्तान में उसके ही नागरिक एक दूसरे की जान के दुश्मन बन चुके हैं। यानी आतंक भरा वातावरण तैयार करके एक दूसरे के खून के प्यासे बनते जा रहे हैं। पाकिस्तान जैसे बदहाल देश के लिए इस प्रकार की स्थिति किसी भी प्रकार से ठीक नहीं कही जा सकती, क्योंकि इस प्रकार की आपसी लड़ाई में पाकिस्तान कभी उबर नहीं सकता। वैसे यह कहा जाना तर्कसंगत ही होगा कि विरोध प्रदर्शन के नाम पर हिंसा, आगजनी और पत्थरबाजी करना किसी भी समस्या का हल नहीं है, बल्कि उस समस्या को और ज्यादा विकराल बना देने जैसा ही है। उल्लेखनीय है कि विरोध प्रदर्शन में आगजनी करके शासन, प्रशासन और सेना को ही निशाना बनाने का काम किया गया है। जो यह संकेत करता है कि यह प्रदर्शन सरकार और सेना के विरोध में है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ता बेकाबू हैं, इन्हें न तो प्रशासन रोक पाने का सामर्थ्य जुटा पा रहा है और न ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ता रुकने की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं। इसलिए ऐसा लग रहा है कि यह अस्तित्व की लड़ाई अभी और लम्बी चलेगी। जो वर्तमान सरकार के लिए एक चुनौती बनेगी ही, साथ ही पाकिस्तान के रास्ते में बड़ा अवरोध भी बन सकती है।

अपने जन्म काल के समय से पाकिस्तान अपने हुक्मरानों की गलत नीतियों का खामियाजा भुगत रहा है। वर्तमान की स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक है। पाकिस्तान की जनता महंगाई के दलदल में फंसती जा रही है। पाकिस्तान को जिन देशों से आस थी, वह आस भी अब टूटने लगी है। चीन ने पाकिस्तान को ऐसी जगह छोड़ दिया है, जिसकी एक ओर कुआँ है तो दूसरी तरफ खाई है। यानी पाकिस्तान जिधर भी जाएगा, उस तरफ उसकी दुर्गति ही होनी है। दूसरा एक नया संकट पाकिस्तान में यह भी उभर रहा है कि उसके राज्यों में स्वायत्त देश बनाने की मांग भी उठ रही है। अगर ऐसा होता है तो स्वाभाविक रूप से पाकिस्तान चार हिस्सों में बंट जाएगा। इसमें से सिंध, पंजाब और बलूचिस्तान में भारत के प्रति सकारात्मक आवाजें आ रही हैं। इससे यह भी संकेत मिलता है कि पाकिस्तान ने 75 साल पूर्व जो भूल की थी, आज उस भूल को सुधारने का प्रयत्न करने की ओर अग्रसर हो रहा है। पाकिस्तान के कई नागरिक पहले भी खुले तौर पर कह चुके हैं कि आज पाकिस्तान की दुर्गति को देखकर यही लगता है कि हम हिन्दुस्तान के साथ ही रहते।

# परिष्कृत व्यक्तित्व

**अब गतांक से आगे .. .. ..**

सीता उसी के साथ विवाह करेगी । एक -एक करके सभी महारथी आयें । किन्तु कोई भी उसे हिला तक नहीं पाया । भगवान राम जो उस समय विश्वामित्र के साथ वहाँ आये हुये थे । विश्वामित्र की आज्ञा से वह भी स्वयंवर में भाग लेने के लिये आगे बढ़े । और धनुष को उठाकर उसके दो टुकड़े कर दिये । यह क्या था ? यह थी पात्रता की परीक्षा ।

दुनिया की जितनी भी कीमती चीजे हैं, हमें उन्हें पाने के लिए उनकी कीमत चुकानी पड़ती हैं । सीता योग्य और विशेष थी इसलिए श्री राम को उसे पाने के लिए अपनी योग्यता को सिद्ध करना पड़ा ।

द्रोपदी योग्य और विशेष थी, अतः उसे पाने के लिए अर्जुन को भी अपनी पात्रता की परीक्षा देनी पड़ी ।ईश्वर भी अपनी पुत्री सिद्धियों के लिए ऐसे ही पात्र व्यक्तियों की तलाश में रहता हैं । जब हम



भी राम और अर्जुन के तरीके से अपनी पात्रता सिद्ध कर देते हैं तो हम भीं उनके अधिकारी हो जाते हैं । किन्तु हम साधना का दिखावा तो करते हैं । लेकिन खुद को बदलना नहीं चाहते, किन्तु भगवान को उल्लू बनाना चाहते हैं । तो हमारी साधना सफल कैसे हो सकती हैं ?

साधना का मतलब ही होता है :- जीवन को साधकर चलनासाधना एक विज्ञान हैं हमारे अंतःकरण के परिवर्तन का, आत्मपरिष्कार का । जब तक हम अपनी अंतर आत्मा पर चढ़े जन्मजन्मान्तर के कषाय -कल्मषों के मेल को धो नहीं डालते तब तक हमारे पर साधना का रंग कैसे चढ़ सकता हैं ?

आपने देखा नहीं ! तांत्रिको को, जो अपनी अडिग श्रृद्धा और साधना के बलबूते पर उटपटांग मन्त्रों को सिद्ध करके तांत्रिक सिद्धियाँ तो प्राप्त कर लेते हैं । किन्तु परिष्कृत व्यक्तित्व के अभाव में उनका कोई सदुपयोग नहीं कर पाते । परिणाम स्वरूप उनका दुरुपयोग करते हैं और कुछ ही दिनों में अपनी शक्तियों और सिद्धियों को भी खो बैठते हैं । कभी -कभी तो अपने जीवन से भी हाथ धो बैठते हैं । अगर आप सचमुच आध्यात्मिक शक्तियों के आकांक्षी हैं तो शक्ति के पीछे पड़ने से पहले अपने अंतःकरण में उसके लिए जगह बनाइए । आध्यात्मिक सिद्धियाँ कोई खिलौना नहीं, जो बच्चों को खेलने के लिए थमा दिया जाये । ईश्वर ने उन विभूतियों को ताले में बंद करके रखा हैं । और यह शर्त रखी हैं की जिस किसी को भी सिद्धियों और विभूतियों का खजाना चाहिए योग साधना का मार्ग अपना कर उस ताले की ताली (चाबी) को हांसिल करे तभी वह ताला खुलेगा । .. ..**समाप्त।**

14 मई मातृत्व दिवस पर विशेष

# ममता की मूरत होती है मां

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे) के रूप में मनाया जाता है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
पत्रकार

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है।

**मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है।**

इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है। हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। ह्यमदर्स डेह्न मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है।

मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है।

जानकारी

# पुष्पगिरी वन्यजीव अभ्यारण



अगर आपको पक्षी, जानवरों को देखने का बेहद शौक है, तो पुष्पगिरी वन्यजीव अभयारण्य आपके लिए बेस्ट जगह है। यहां ग्रे हॉर्नबिल, नीलगिरी फ्लाईकैचर और ग्रे-ब्रेस्टेड लाफिंग थ्रश सहित कई लुप्तप्राय और दुर्लभ पक्षी प्रजातियों का घर है। भारतीय विशालकाय गिलहरी, ब्राउन पाम सिवेट, चित्तीदार हिरण और एशियाई हाथी जैसे कई विदेशी जानवर भी इस अभयारण्य के पहाड़ी इलाकों में रहते हैं। यहां की एंट्री फीस फ्री है और घूमने का समय सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे के बीच है।

# Realme 11, 11 Pro और 11 Pro+ 5G हुए लॉन्च

**नई दिल्ली :** Realme ने अपनी नवीनतम 11 सीरीज को चीन में पेश कर दिया है, जिसमें Realme 11, Realme 11 Pro और Realme 11 Pro+ 5G शामिल हैं। नए फ्लैगशिप स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड Realme UI 4.0 कस्टम स्किन पर काम करते हैं और टीर्ंिळी' प्रोसेसर से लैस हैं। Realme 11 और Realme 11 Pro में ड्यूल रियर कैमरा दिया गया है, वहीं Realme 11 Pro+ 5G में 200 मेगापिक्सल का ट्रिपल रियर कैमरा दिया गया है। यहां हम आपको Realme 11 सीरीज स्मार्टफोन्स के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।



**Realme 11, Realme 11 Pro और Realme 11 Pro+ 5G की कीमत और उपलब्धता**

कीमत की बात की जाए तो Realme 11 IZY 8GB + 256GB वेरिएंट की कीमत CNY 1,599 (लगभग 18,911 रुपये) और 12GB + 256GB वेरिएंट की कीमत उठ 1,799 (लगभग 21,277 रुपये) है। इस स्मार्टफोन को Summer Orange और Star Trail Black कलर में खरीदा जा सकता है। Realme 11 Pro IZY 8GB + 256GB वेरिएंट की कीमत CN 1,699 (लगभग 20,090 रुपये) है, वहीं 12GB + 256GB वेरिएंट की कीमत CN 1,999 (लगभग 23,638 रुपये)है। और 12GB + 512GB वेरिएंट की कीमत CN 2,199 (लगभग 26,003 रुपये) है।

Realme 11 Pro+ IZY 12GB + 256GB RAM वेरिएंट की कीमत CN 1,999 (23,638 रुपये) है। वहीं 12GB + 256GB RAM वेरिएंट की कीमत CN 2,299 (लगभग 27,185 रुपये) है। इसके टॉप एंड 12GB + 1TB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत CNY 2,599 (लगभग 30,732 रुपये) है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"हमने तो श्रीमती वसुंधरा राजे को तब निशाने पर लिया जब सत्ता में थी । उन पर शराब, खान घोटाले के आरोप लगाये। उनकी जांच हो।"

सचिन पायलट
राजस्थान में पूर्व उपमुख्यमंत्री





"मैंने पुष्पा देखी और बड़ा मजा आया देखने में। फिल्म का वह खास डांस स्टेप कई लोग करते हैं। मुझे अल्लू की परफॉर्मेंस बहुत अच्छी लगी। इसके बाद मैंने अल्लू की दूसरी एक फिल्म देखी और अनुभव किया वह गुड लुकिंग बॉय है। 'पुष्पा' में वह बिल्कुल ही अलग नजर आ रहे थे। उसने बहुत बढ़िया किरदार निभाया, सबसे बड़ी बात यह है कि उसने इस तर?ह के लुक के लिए हामी भरी।"

हेमा मालिनी
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से केजरीवाल की जीत

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पक्ष ने सुप्रीम का फैसला आने से उनके कार्यकताओं में खुशी का माहौल है ।केजरीवाल को दिल्ली का सर्वेसर्वा घोषित करने के बाद केजरीवाल की पार्टी कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया ।महारास्त्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे के बीच उथल पुथल का बड़ा फैसला आने से खुशी व्याप्त है ।एकबार संवैधानिक संस्था सुप्रीम के फैसले से कोर्ट पर लोगो का पूरा भरोसा हो गया है ।देश मे अदालत के फैसले पर विश्वास होता है ।किसी विवाद को निपटाने के लिए कहते भी है कि यहा तो तुम बच गए ,लेकिन अदालत में देख लूंगा ।यह हमारी अंतिम और सत्य की डगर है ।।कोर्ट ने उद्धव ठाकरे और शिंदे के बीच जंग का सुखद अंत आने के पूर्व सीजे आई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा नही दिया होता तो उनकी सरकार बहाल हो जाती थी ।कोर्ट ने कहा कि गवर्नर और स्पीकर के फैसले गलत थे ।दिल्ली के उपराज्यपाल की सीमा तय की गई ।दिल्ली सरकार का नियंत्रण बताते हुए कोर्ट ने कहा कि कोर्ट की अधिकारियों की निगरानी और तबादले दिल्ली सरकार के हाथ मे रहेंगे ।कोर्ट ने टकोर करते हुए कहा कि संघवाद के सिंद्धान्त का सम्मान होना चाहिए ।शिंदे और उद्धव की लड़ाई का अंत हो गया ।खंडपीठ ने अपने फैसले के दौरान कहा कि पार्टी विवाद पर फ्लोर टेस्ट नही होना चाहिए ।केजरीवाल ने एलजी से समय मांगा ।उधर उद्धव ठाकरे ने कहा कि असली लड़ाई तो अब शुरू होगी ।अपने सम्मान की लड़ाई के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद एकनाथ शिंदे के हक में फैसला आने के बाद भाजपा में खुशी की लहर है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

**प्रदेश >> अपडेट**

### विशेष अभियान को लेकर लगा कैम्प

**कोडरमा :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतगर्त लंबित आवास को 30 जून तक पूर्ण कराने हेतु विशेष अभियान के तहत संपूर्ण झारखंड में एक साथ आवास दिवस स्लोगन - आपकी समस्याओं का होगा समाधान, अब नहीं होगा कोई परेशान के बैनर तले सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कर्मी तथा जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कैम्प का आयोजन किया गया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### डीएवी स्कूल के छात्रों ने बारवीं तथा दसवीं की परीक्षा में लहराया परचम

**पाकुड़ :** सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित स्कूलों की आज 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमें पाकुड़ के विभिन्न स्कूल डीएवी पब्लिक स्कूल, एलिट पब्लिक स्कूल, डॉन बॉस्को तथा डीपीएस स्कूल शामिल है। वही परीक्षा फल की बात करें तो पाकुड़ स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल के शत-प्रतिशत छात्रों ने बारवीं तथा दसवीं परीक्षा में सफलता हासिल कर स्कूल और अभिभावकों का नाम रौशन किया। वहीं विद्यालय प्राचार्य डॉ बिश्वदीप चक्रबोर्ती ने सभी बच्चों को अच्छे अंक लाने पर बधाई दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही सभी अभिभावकों को धन्यवाद भी दिया। वही टॉप 10 आने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रशासन की ओर से सम्मानित करने की भी घोषणा की गई है। बारवीं के विज्ञान संकाय के छात्रों में अतानु हलदार - 91.2% प्रथम,अरिंदम कुमार को 89.2% द्वितीय,राशी अग्रवाल को 88.8% तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह बारवीं के कॉमर्स संकाय के छात्रों में मोहम्मद जाबिर हुसैन को 92.2% प्रथम,अमन गुप्ता - 90.2% द्वितीय तथा भाव्या ओझा 89% तृतीय स्थान पर रही।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### एलिट पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा में लहराया परचम

**पाकुड़ :** एलिट स्कूल के शत-प्रतिशत छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में सफलता हासिल कर स्कूल और अभिभावकों का नाम रौशन किया। वही विद्यालय प्रशासन ने बताया कि बच्चों ने कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ परीक्षा में अच्छे अंक लाए है। विद्यालय के छात्रों में सनोज कुमार - 92.6%,सृष्टि कुमारी - 92%,अनुभव मिश्रा - 91.2%,तनिषा - 91%,अनुज कुमार शर्मा - 90.4%,दीपक कुमार साह ने 89.6% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के सचिव श्री अरविंद साह तथा प्रचार्या अनुपमा साहा द्वारा सभी बच्चों को उत्तम अंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई दी गई तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### जल शक्ति अभियान को लेकर डीसी ने की बैठक

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार मे शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में जल शक्ति अभियान के सफल संचालन को लेकर जल संरक्षण,जल संचयन, अमृत सरोवर इत्यादि के क्रियान्वयन को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सबसे पहले उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने योजना पर नवीनतम प्रगति और जल शक्ति अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न विभागों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उपायुक्त ने जल शक्ति केंद्र के अधिष्ठापन करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन के जल शक्ति केंद्र का अधिष्ठापन करें और केंद्र में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करें। उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता समिति को निर्देश देते हुए कहा कि पानी के पीने के स्रोतों का जियो टैगिंग कर पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

**आयोजन** नये अध्यक्ष अनिल कड़ेल के नेतृत्व में काम कर रहा मारवाड़ी युवा मंच

# नर्स दिवस के मौके पर सभी नर्सों का किया सम्मान

▶▶ सदर अस्पताल की नर्सों का सम्मान

▶▶ मरीजों की सेवा में योगदान अद्वितीय

▶▶ फ्लोरेंस नाइटेंगल को भी याद किया गया

**दीपक नौरंगी**



**भागलपुरः** मारवाड़ी युवा मंच के नए अध्यक्ष अनिल कड़ेल पदभार संभालने के बाद आम लोगों से जुड़े कई बेहतर कार्य संस्था के द्वारा किया जा रहा है मारवाड़ी युवा मंच शाखा के नए अध्यक्ष कहते हैं कि हममे से कोई भी किसी बीमारी से ग्रसित होते है तो अस्पताल का चक्कर काटते है, हमें ठीक करने वाले डॉक्टर का सम्मान तो सभी करते है लेकिन निरन्तर हमारा देखरेख करने वाली नर्स को उचित सम्मान नहीं मिल पाता! एक बेहतर और अच्छी सोच के साथ भागलपुर मारवाड़ी युवा मंच शाखा के द्वारा सदर अस्पताल की सभी नर्स दीदी को सम्मान पूर्वक सम्मानित किया गया यह शुभ कार्य। शुक्रवार के दिन में 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच ने उन सभी नर्स का सम्मान जूस की बोतल, सोन पापड़ी का डब्बा,एवं फूल का पौधा देकर किया गया है।

इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अनिल कड़ेल ने अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस पर सेवा भाव की अद्वितीय मिसाल सभी नर्स बहनों को नर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बताया कि डॉक्टर तो भगवान का एक दूसरा रूप होते ही है पर नर्स सेवा ही एक ऐसा माध्यम है जो एक अस्वस्थ शरीर की देखभाल करती है और उन्हें स्वास्थ्य लाभ प्रदान कराती है। 12 मई को मशहूर नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस भी होता है। ऐसे में उनकी याद में हर साल इस दिन को मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक नर्स थीं, जिन्होंने क्रीमियन युद्ध के दौरान उनका काम काफी सराहनीय था। इससे पहले मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष को लेकर संस्था में मतभेद या मनभेद होने के कारण कई सदस्य मारवाड़ी युवा मंच से अपने आपको अलग कर लिया था लेकिन अब मारवाड़ी युवा मंच के सभी सदस्य पुराने विवादों और बातों को भूल कर बेहतर तरीके से कार्य करने का काम कार्य करेंगे शुक्रवार के दिन हुए इस कार्यकर्म मे शाखा अध्यक्ष अनिल कड़ेल, पूर्व अध्यक्ष जॉनी संथालिया,उपाध्यक्ष अभिषेक सफ्फर, सचिव विनीत बुधिया, नरोत्तम शर्मा, पवन काली मौजूद थे।

## आदिवासी समुदाय के लोगों ने पाकुड़-दुमका मुख्य सड़क किया जाम

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** शहर के सिदो कान्हू मुर्मू पार्क के अंदर लगे सिदो कान्हु मुर्मू की प्रतिमा असामाजिक तत्वों के द्वारा प्रतिमा की हाथ क्षतिग्रस्त होने पर आदिवासी समुदाय के लोग सिदो-कान्हू पार्क के समीप चौक पर प्रदर्शन कर सड़क पाकुड़-दुमका मुख्य सड़क पर सड़क को जाम कर दिया।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आदीवासी छात्र नायक कमल मुर्मू ने कहा कि बिते रात्रि में असमाजिक तत्व के लोगों द्वारा सिदो कान्हु मुर्मू की प्रतिमा के हाथ को छतिग्रस्त कर दिया है। सुबह लोगों की नजर सिदो-कान्हु मुर्मू की प्रतिमा पर पड़ी तो मूर्ति का हाथ टूटा हुआ पाया गया। पार्क संवेदक शंभुनन्दन भगत के कार्यकाल में यह दूसरी घटना है। छात्र नेता मार्क बास्की ने बताया कि आदिवासी समाज में सिदो-कान्हू को भगवान की तरह मानते हैं। उसका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगभग तीन साल पूर्व में इस तरह का घटना घट चुका है उस समय पार्क संवेदक शंभुनन्दन भगत को प्रशासन के तरफ से निर्देश दिया गया था कि प्रतिमा के सामने सी०सी० कैमरा लगाया जाय, लेकिन पार्क संवेदक ने नहीं लगाया।जब से संवेदक शंभुनन्दन भगत को पार्क की जिम्मेवारी मिला है उसके बाद से पार्क का रख-रखाव एवं साफ-सफाई, शौचालय, पानी इत्यादि की घोर समस्या है। पाकुड़ का यह सिद्धो-कान्हू पार्क एक ऐतिहासिक एवं शहीद स्थल में गिना जाता है।यहाँ कई आदिवासियों ने अपना कुबार्नी दिया है, ऐसे ऐतिहासिक स्थल में पार्क संवेदक शादी-विवाह जैसे कार्यक्रम पैसों के लालच में कराते है।

## मुख्यमंत्री ने ली संज्ञान, गंगा जलापूर्ति योजना में आई तेजी: शाहिद इकबाल



राष्ट्रीय खबर :::न्यूज 2

**पाकुड़ः** झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा है कि गंगा की पानी को पाकुड़ तक लाने की महत्वकांक्षी योजना 13 साल से अधर में है। लोग अपनी चुनावी रोटी सकते हैं और फिर साइड हो जाते हैं। किंतु अब ऐसा नहीं चलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल पर 13 साल से अधर में लटका शहरी जलापूर्ति योजना जल्द पूरा होगा। झामुमो पूर्व जिला प्रवक्ता शाहिद इकबाल ने कहा कि हेमंत सोरेन से मुलाकात के दौरान अन्य समस्याओं के साथ साथ शहरी जलापूर्ति योजना को विशेष रूप से अवगत कराया था। मुख्यमंत्री इसे गंभीरता पूर्वक सुना और तुरंत ही इस पर कार्यवाही शुरू कर दी। पाकुड़ में शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य त्वरित गति से जारी है।झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल ने कहा कि चांदपुर पुठिमारी में ढलाई कार्य हो रहा है। तीन रूम बनना है। पीएचइडी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता ने कहा कि लगभग चार महीना में शहर में पानी मिलने की आशा है। बंगाल से बिजली का काम होने जा रहा है। इसके प्रारंभ होने से पाकुर वासियों को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध होगी।

**न्यूज फटाफट**

### एनसीपी सरसोत पंचायत कमेटी के संतोष बने अध्यक्ष



पलामू : प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती सरसोत पंचायत के सुल्तानी गांव स्थित देवी मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को एनसीपी कार्यकर्ताओं की बैठक की गई।इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान एनसीपी के प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता , विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा की मौजूदगी में सर्वसम्मति से संतोष शर्मा को सरसोत पंचायत का अध्यक्ष जबकि अभिनंदन पासवान को सचिव, सीटू सिंह को कोषाध्यक्ष, नागेंद्र सिंह तथा लल्लू सिंह को उपाध्यक्ष, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी को पंचायत प्रभारी बनाया गया। इस दौरान नव गठित पंचायत कमेटी को संगठन की मजबूती के लिए सार्थक भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष गोलू सिंह, विकास कुमार सिंह भोला सिंह रामवृक्ष मस्ताना हंसराज सिंह अनिल मिस्त्री सहित कई लोग उपस्थित थे।

### हैदरनगर में रुकी रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस



**पलामूः** सांसद वीडी राम के प्रयास से शुक्रवार से रांची सासाराम रांची 18635,36 इंटरसिटी एक्सप्रेस हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर रुकी,पलामू सांसद ने झंडी दिखा कर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया, इस मौके पर हैदरनगर रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद वीडी राम ने रेल की अन्य समस्याओं का भी शीघ्र समाधान कराने का आश्वाशन उपस्थित ग्रामीणों को दिया।मौके पर सांसद ने माननीय रेल मंत्री का धन्यबाद किया।और कहा की इस ट्रेन के हैदरनगर स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाने से असपास के क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होंगी। उन्होंने हैदरनगर रेलवे स्टेशन को अमृत श्रेणी की मान्यता मिलने की बात कही, इससे रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी, उन्होंने कहा कि इस ट्रेन का ठहराव उंटारी रोड रेलवे स्टेशन पर भी कर दिया गया है, उंटरी रोड रेलवे स्टेशन परिसर में शुक्रवार की रात रांची सासाराम को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जायेगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा,अशोक सिंह,प्रफुल सिंह,रविन्द्र सिंह,रामप्रवेश सिंह,रामेश्वर राम,संतोष सिंह,सोमेश सिंह,उदय नाथ विश्वकर्मा,अजय प्रसाद गुप्ता,सांसद प्रतिनिधि,रेलवे पदाधिकारी,मुखियागण व बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा यात्री उपस्थित थे।

# जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की जिला इकाई की बैठक संपन्न



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन जिला इकाई पाकुड़ की एक बैठक जिलाध्यक्ष हिसाबी राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिला संरक्षक अनुग्राहित प्रसाद साह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद भगत, नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी,युवा विंग के जिलाध्यक्ष अनिकेत गोस्वामी ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी व नवनियुक्त जिला महासचिव सुरेंद्र प्रसाद भगत को संरक्षक अनुग्राहित प्रसाद साह ने माल्यार्पण कर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष श्री राय ने बताया कि 11 जून 2023 को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संयोजिका ममता सहगल,राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण मुरारी,झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सिंह का आगमन हो रहा है। सम्मेलन में सामाजिक ,एनजीओ के प्रतिनिधि, धार्मिक संगठन के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संरक्षक श्री साह ने कहा कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन एक सामाजिक संगठन है जो राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या नियंत्रण हेतु कड़ा कानून बनाने की मांग को लेकर आंदोलन चल रही है। आज विश्व के जनसंख्या का 17.77% भाग भारत में निवास करता हैऔर प्रतिदिन औसतन 40 हजार जनसंख्या बढ़ रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार भंडारी ने कहा कि आजादी के समय भारत की जनसंख्या 34 करोड़ और 1951 में 36 करोड़ थी।जो आज 76 वर्षों में बढ़कर 142.86 करोड़ तक पहुंच गई है।जिसके कारण देश में अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। बैठक में पूर्व जिला संयोजक साहेब हांसदा ने सरकार से मांग की है कि देश मे कड़ा कानून बने और हम दो हमारे दो को अनिवार्य किया जाए। मौके मोहन मंडल विवेकानंद तिवारी रामचंद्र साह दुर्गा मरांडी सुलेमान मुर्मू अशोक प्रसाद राजेश डोकनियां रतन प्रसाद साहा हाजरा पुरुषोत्तम राय ओम प्रकाश जुमरानी भुट्ठु कुनाई सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल



▶▶ कई दिनों से जारी भीषण गर्मी शुक्रवार को अहले सुबह से ही और प्रचंड होती दिखी

▶▶ गर्मी पड़ने के कारण पूरे दिन आम लोग बुरी तरह परेशान रहे

**राष्ट्रीय खबर**

**पलामू :** भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल है। सुबह आठ बजे से ही तेज धूप से लोग परेशान हो रहे हैं। पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी शुक्रवार को अहले सुबह से ही और प्रचंड होती दिखी । चिलचिलाती धूप के साथ प्रचंड गर्मी पड़ने के कारण पूरे दिन आम लोग बुरी तरह परेशान रहे। गर्मी की वजह से बिजली विभाग भी उसके लोड को झेलने में नाकाम साबित हो रहा है। लगातार ट्रिपिंग से बिजली की आख मिचौनी जारी है। इसके अलावा कई इलाकों में कभी तार तो कभी ट्रांसफॉर्मर की गड़बड़ी दुरुस्त करने या बदलने को लेकर भी ब्रेक डाउन होता रहा है। भीषण गर्मी में बिजली की आख मिचौनी से लोगों की परेशानियों को लगातार बल मिल रहा है।मौसम का मिजाज भी बेहद गर्म है। इस कारण किसानों के साथ साथ रोजमर्रा की जिन्दगी बिताने वाले लोगों को परेशाननियों की दौर से गुजरना पड़ रहा है। इस दौरान गर्मी से परेशान लोगों के लिए आकाश में बादलों की मौजूदगी कभी कभी राहत भरा होता है। हालांकि इस दिन भी आसमान पूरी तरह साफ किंतु धूप अपने पूरे तेवर में दिख रहा था। कई लोगों ने बताया कि छुट्टी के समय स्कूल से घर आने के दौरान विद्यार्थियों को थोड़ी ज्यादा परेशानी हो रही है।प्रचंड गर्मी एवं चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए इन दिनों लोग मौसमी फल खीरा ककड़ी , नींबू पानी , सत्तू की घोल, लस्सी , अमझोरा और बेल का शर्बत आदि के प्रयोग पर अधिक जोर दे रहे हैं। जिसके कारण बाजारों में इसकी मांग भी बढ़ी है।

**पड़ताल** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

# जेल में मिल रही सुविधाओं की ली जानकारी

▶▶ पुरुष व महिला बंदियों की स्थिति से भी हुए अवगत

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़ः** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति श्री संजय प्रसाद ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने जेल के अंदर के किचन का जायजा लिया बंदियों को दिए जाने वाले भोजन, चिकित्सा संबंधी सुविधा और जेल के अंदर के अस्पताल का भी निरीक्षण की। बंदियों के मिलने वाले विभिन्न सुविधाओं के विषय में कारा अधीक्षक से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुरुष एवं महिला बंदियों के साथ बातचीत की और उनकी समस्याओं और परेशानियों से अवगत हुए। उन्होंने कारागार द्वारा बंदियों को दी जाने वाली भोजन, पीने का स्वच्छ पानी, डॉक्टरी सुविधा, पढ़ाई के लिए शिक्षा सुविधा, दूरभाष की सुविधा एवं अस्पताल वार्ड, बैरक का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों द्वारा रखी गई जायज मांगों पर विचार विमर्श करने के लिए कारागार प्रशासन अधिकारियों को निर्देश दिए। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने पुरुष एवं महिला बंदियों से उनकी शैक्षणिक स्थिति एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं को लेकर पूछताछ की उन्होंने बंदियों से कहा कि जो भी बंदी कारा अवधि के दौरान प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करना चाहते है। इसके संबंध में जानकारी ली गई। बंदियों के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा करवाया जाएगा। इस दौरान बंदियों के बीच फल एवं पुस्तके का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्ण तिवारी, उपायुक्त वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जेल अधीक्षक आशुतोष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन भी उपस्थित थे।

## संशोधित ई०ग्राम स्वराज पोर्टल पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** अमड़ापाड़ा प्रखंड सभागार भवन में संशोधित ई० ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रमुख,पंचायत समिति, उप- प्रमुख पंचायत समिति, पंचायत समिति सदस्य, सभी ग्राम पंचायत के मुखिया, सभी पंचायत सचिव, लेखालिपिक-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर,15 वें वित्त ,कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आनंद प्रकाश, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद द्वारा पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से पंचायत राज विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में सभी ग्राम पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार कर अपलोड करने हेतु ई०ग्राम स्वराज पोर्टल किये गये सुधार के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। सभी ग्राम पंचायतों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु तैयार किये जा रहे ग्राम पंचायत विकास योजना पंचायत राज विभाग,भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के नौ विषय अर्थात बाल मैत्री पंचायत, गांव में समान लैंगिक विकास, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, सुशासन एवं सामाजिक रूप से सुरक्षित में से कम से कम एक या अधिकतम दो विषय जो संकल्प के रूप में वाइब्रेंट ग्राम सभा के पोर्टल पर अपलोड किया गया हो पर आधारित होगा।

**सजा** कस्तूरबा बालिका विद्यालय में दो सौ बार उठक बैठक की सजा

# वार्डेन के द्वारा शारीरिक दंड देने से दस छात्राएं बीमार, एक की हालत गम्भीर

- 176 में से सिर्फ छह छात्राओं ने भाग लिया था
- वार्डेन ने अन्य सभी छात्राओं को शारिरिक दंड दिया
- बीमार छात्राओं को हेरहंज के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया



राष्ट्रीय खबर

**हेरहंजः** प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राओं को विद्यालय के वार्डेन एलिजाबेथ कुमुद टोप्पो द्वारा दो दो सौ बार उठक बैठक कराने से बीमार हो गई।बीमार छात्राओं को हेल्थ वेलनेस सेंटर सह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेरहंज में इलाज के लिये दूसरे दिन लाया गया। विद्यालय के छात्राओं से पूछे जाने पर बताया कि प्रत्येक दिन के अनुसार गुरुवार की शाम छः बजे एसएमली घंटी के बाद खेल कूद का आयोजन किया जाता है। गुरुवार को उपस्थित 176 छात्राओं में से मात्र छः छात्राओं ने खेल कूद में भाग लिया।शेष छात्राओं को विद्यालय परिसर में विद्यालय के वार्डेन श्रीमती टोप्पो द्वारा खेल में शामिल नहीं होने वाले छात्राओं को दो दो सौ बार शारीरिक दंड के रूप में उठक बैठक कराया गया।जिससे करीब सभी छात्रा रात में दर्द से कराह रही थी व बेहोश हो जा रही थी।इसके बाद रात में हेरहंज अस्पताल में डॉक्टर नहीं रहने के कारण लैब टैक्नीशियन निरंजन कुमार को गार्ड ममता कुमारी द्वारा सूचना दी गई। सूचना मिलते ही लैब टैक्नीशियन निरंजन कुमार रात में ही विद्यालय पहुंच कर छात्रा आवास में इलाज किया । वहीं शुक्रवार को 10 बच्चियों को अधिक तबीयत खराब हो जाने के कारण हेरहंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह हेल्थ वेलनेस सेंटर में सावित्री कुमारी जी एन एम के देख रेख में कराया गया। बीमार छात्राओं में मुख्य रूप से सबिता कुमारी,टिंकी कुमारी,उषा कुमार,अनिता कुमारी,नेहा कुमारी,संगीता कुमारी,मनिता कुमारी, गायत्री कुमारी, सुमंती कुमारी,प्रीति कुमारी शामिल हैं । इस घटना की सूचना जिले के वरीय पदाधिकारी को मिली।सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास व प्रखंड प्रमुख पार्वती देवी,उप प्रमुख विजय उरांव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह हेल्थ वेलनेस सेंटर हेरहंज पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी छात्राओं व गार्ड ममता कुमारी से ली।घटना में छात्राओं व गार्ड ने दो दो सौ बार उठक बैठक मामले को सत्य बताया। बी डी ओ प्रदीप कुमार दास ने कहा कि मामले की जॉच की गई। रिपोर्ट बनाकर जिले को भेजी जाएगी।मामले की जानकारी मिलने पर जनप्रतिनिधियों ने भी छात्राओं से जानकारी ली जिसे सत्य पाया गया। प्रतिनिधियों ने उपायुक्त भोर सिंह यादव से मामले की जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## शहर >> अपडेट

### जहर खाकर महिला ने की आत्महत्या

**कोडरमा** :सतगावां थाना शिवपुर में एक महिला की जहर खाने से मौत हो गयी। जहर खाने के बाद वह गंभीर हो गई जिसकी इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई। मृतका की पहचान फरजाना खातून उम्र 40 वर्ष पति मोहम्मद रिजवान ग्राम शिवपुर सतगावां के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार महिला मानसिक रूप से ठीक नहीं थी, अचानक जहर खा लेने से तबीयत बिगड़ने लगी।

## सिटी अपडेट्स >>

### जलमीनर को दुरुस्त करने को लेकर सौंपा मांग पत्र

**गुमला:** मिशन बदलाव महिला जिला सचिव, सैयदा खातुन, नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा,नगर सचिब ज्योति गलोरिया कुजूर एवं चंदकला टोप्पो के नेतृत्व में कार्यपालिका पदाधिकारी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गुमला के नाम मांग पत्र दिया और बताया कि गुमला प्रखंड में खराब पड़े जलमीनार को दुरुस्त किया जाय। प्रतिनिधिमण्डल के द्वारा गावं का भ्रमण किया गया था और ग्रामीणों ने पेयजलापूर्ति के समस्याओं का समाधान के आग्रह किया और बताया कि गर्मियों के वजह से कुएं तालाब सभी सूखने के कगार पर है और ग्रामीणों के द्वारा अपनी एवं ग्रामीणों के समस्याओं के बारे में बताया गया था।

### चरगी पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**पेटरवार** : पेटरवार प्रखंड अंतर्गत चरगी पंचायत की मुखिया रानी कुमारी मुर्मू के नेतृत्व में शुक्रवार को चरगी पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय से लेकर पंचायत सचिवालय चरगी तक एक रैली निकाली गई। रैली में ग्राम पंचायत सदस्य, पंचायत सचिव भरत लाल स्वर्णकार, सहायक शिक्षक जगजीवन राम नायक, आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहिया सहित विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया।

## नावाडीह पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चोः** स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत गुरुवार को नावाडीह पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत के ग्राम बहादुरपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहादुरपुर परिसर में मुखिया बैजन्ती देवी की उपस्थिति में ग्रामीणों ने स्वछता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने विद्यालय के वर्तमान समस्या शिक्षा, पानी, स्वच्छता, विद्यालय भवन मरम्मती, चहारदीवारी निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण आदि कार्य को लेकर चर्चा भी किया व स्थानीय मुखिया को अवगत कराया गया। मुखिया ने गंभीरता से लेते हुए इन सारी कार्यों पर शत प्रतिशत प्रयास करने का भरोसा दिलाया। स्वच्छता अभियान में स्थानीय मुखिया बैजंती देवी, विद्यालय प्रधानाध्यापक सुशील राम, सहायक शिक्षक सुरेश प्रसाद सिंह, सेविका मुन्नी देवी सहायका सुनीता देवी, समाजसेवी बसंत साव, पवन यादव, सुरेश दास, बालेश्वर यादव, छोटू यादव, बंधन यादव, मुकेश यादव, सुमित्रा देवी, प्रयाग यादव, जल सहिया पिंकी देवी, बासुदेव यादव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय में होगा समर कैंप का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा** : ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम में ग्रिजली विद्यालय के बाहर के बच्चों के लिए आगामी 16 मई से 20 मई तक समर कैंप का आयोजन होने जा रहा है जिसकी जानकारी विद्यालय में बैठक कर दी गयी। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने बताया कि 8 से 13 वर्ष के आयु के बच्चो के लिए इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शामिल होने वाले बच्चों के लिए अनेक प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के लिए चित्रकला, योगा, टेबल मैनर्स, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, रोबोटिक्स एवं कोडिंग, ओरिगामी क्राफ्ट, एरोबिक्स, बॉलीवुड, जुम्बा, हिप-हॉप डांस, गिटार, कीबोर्ड एवं वोकल म्यूजिक, आत्म रक्षा के लिए जुडो एवं ताइक्वांडो जैसे ढेर सारी गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। बच्चों को विद्यालय आने-जाने के लिए झुमरी तिलैया, कोडरमा एवं बरही से निःशुल्क बस सुविधा भी दी जाएगी। उपरोक्त तिथि पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक इस कैंप का आयोजन किया जायेगा। फॉर्म का शुल्क 500 रूपए है। बैठक में सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक उज्जल महतो, शिक्षक पंकज उपाध्याय, मोमिता दास गुप्ता, फेबियन प्रसाद, थर्ड अफसर अभिजीत आनंद मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जेएनडी संयोजक को मातृशोक

**गुमला:** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह की मां के मृत्यु पर झारखंड नवनिर्माण दल व भाकपा (माले) के नेताओं ने गहरा दुख व शोक व्यक्त किया है। विदित हो के श्री सिंह की मां 65 वर्षीय गंधारी देवी पिछले 1 वर्षो से गंभीर बीमारी से जुझ रही थी, जिनका देहांत 10 मई 2023 की रात्रि करीब 1 बजे घाघरा स्थित आवास में हो गई । मृत्यु के उपरांत 11 मई 2023 को श्री सिंह के पैतृक गांव घाघरा प्रखंड के अंतर्गत लपसर में गांव के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में दाह संस्कार किया गया । श्री सिंह के पिता श्री केश्वर सिंह ने मुखाग्नि दी । शोक प्रकट करने वालों में भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव, झारखंड आंदोलनकारी अजीत विश्वकर्मा, किसान नेता आदित्य सिंह, मजदूर नेता शंकर उराँव, शिवप्रसाद साहू, धर्मपाल उरांव, परमेश्वर टाना भगत, भूषण सिंह, फबयानुस सारस, विनय सिंह, रामप्यार तूरी, शिवप्रसाद नायक, मंगरा उरांव, सोमा उरांव, शुभन उरांव, मनी उराँव, बंधन लोहरा, बालेश्वर हजाम, रमेश प्रसाद यादव , राधाबल्लभ पाठक, ननकू खेरवार, कहरू मुंडा, पूरन सिंह, गोपेश्वर गोप, पुष्पा उरांव , कुसमा मिंज, मालती देवी, विलो भगत, बीरजीनिया मिंज व मुन्नी देवी मुख्य रूप से शामिल हैं।

### मिलेट कैफे का उद्घाटन 18 को

**गुमला:** जिले में मिलेट के उत्पाद एवं उसकी बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। पिछले वर्ष में जिले में मीलेट में मिली सफलता को देखते हुए इस वर्ष रागी मिशन को लेकर योजना तैयार की जा रही है। एवं इस वर्ष खरीफ में 10 हजार हेक्टेयर जमीन पर रागी की खेती करने को लेकर योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

अवैध निकासी मामले में हुई जांच टीम पर

## वार्ड सदस्यों ने लीपा पोती करने का लगाया आरोप

एजेंसियां

**लोहरदगा** : कुडू प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत सलगी में मुखिया सुमित्रा कुमारी और कॉर्डिनेटर मनीष कुमार द्वारा तीन किस्तों निकले गए 139825 रु का विवाद थमता नही नजर आ रहा है। 18 अप्रैल को वार्ड सदस्यों द्वारा उपायुक्त को मामले की जांच करने के लिए दिए गए आवेदन के आलोक में सोमवार 8 मई को जांच करने पहुंचे विएलडब्ल्यू सुनील चन्द्र कुंवर और मनीष कुमार और वार्ड सदस्यों में तीखी बहस देखने को मिली। पंचायत की उप मुखिया किस्मती देवी और वार्ड सदस्य पैसा निकासी मामले में संलिप्त कॉर्डिनेटर को जांच टीम में शामिल किए जाने और गम्भीर मामले का विएलडब्ल्यू से जांच कराए जाने का विरोध कर रहे थे तो वहीं जांच टीम बिना बुलाये जांच में खलल डालने का आरोप लगाते हुए जांच टीम द्वारा वार्ड सदस्यों को बैठक में नही बैठने देने का मामला गरमाया रहा।वार्ड सदस्यों का कहना है कि कोडिनेटर मनीष कुमार जो अवैध रूप से पैसा निकासी में खुद दोषी है को जांच टीम में शामिल किया गया। ये कहाँ का कानून है कि दोषी से ही जांच कराई जाए। जिसके नतीजे में मामले की लिपा पोती कर दी गयी। जाँच के सम्बंध में किसी भी पंचायत कार्यकारणी सदस्य का कोई जानकारी नही दी गयी। और वहां पहुंचने पर उप मुखिया से अभद्र व्यवहार और महिला सदस्यों को बाहर निकाल कर जनप्रतिनिधियों को अपमानित किया गया। इसको लेकर एक बार फिर उपायुक्त को आवेदन देकर पैसा निकासी मामले की वरीय पदाधिकारियों से जांच कराने की मांग की है।

## जनता के रेलयात्रा को सुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे : भगत



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगाः** लोहरदगा लोकसभा सांसद माननीय सांसद सुदर्शन भगत लोहरदगा की जनता के रेलयात्रा को सुलभ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है । कुछ दिनों से लगातार लोहरदगा से रांची मेमू ट्रेन में यात्रा करनेवालों की संख्या बहुत बढ़ोत्तरी हुए है इसे लेकर कोच बढ़ाने की बात रेलवे से की जिसमें रेलवे प्रबंधक ने चार कोच जल्द और जोड़ने की बात कही है।जिससे की यात्रा सुलभ और आसान हो पाएगी। साथ ही संसदीय क्षेत्र की जनता को रेल सुविधा ज्यादा से ज्यादा सुलभ हो इसे लेकर रेलमार्ग में निर्माण से बहुत सारे बदलाव हो रहे हैं इसके अंतगर्त लोहरदगा, नगजुआ,टांगरबंसली,पिस्का में पटरियों को बढ़ाया जा रहा है, साथ आम जनता के लिए रिजर्वेशन टिकट सरल तरिके से उपलब्ध हो, विधुत व्यवस्था ,जल वयवस्था ,सेड का निर्माण ,राजधानी एक्सप्रेस लोहरदगा स्टेशन पर रूके इसे लेकर विभाग संबंधित सभी मापदंडों के अनुरूप कार्यतेजी से कर रही जैसे आयरन ब्रीज, नये प्लेटफार्म का निर्माण ,शेड ,प्रथम श्रेणी प्रतिक्षालय लोहरदगा स्टेशन पर कर रही है ।स्टेशन की सफाई, विधुतीकरण व पौधारोपण सजाया गया है।जिससे यात्री को अच्छी, सुरक्षित एवं स्वच्छतायुक्त वातावरण मिल सके।सुदर्शन भगत ने कहा की जनता के लिए यात्रा को सुगम और उत्तम व्यवस्था सहित किस प्रकार से बहाल हो इसे लेकर लगातार विभाग और रेल मंत्रालय के मंत्री से मिलकर अवगत कराते रहे हैं। लोहरदगा मेमू पैसेंजर ट्रेन लोहरदगा की लाइफ लाइन जैसी है यात्रा भी व्यवस्थित तरीके से हो इसे लेकर और चार कोच बढ़ेगी। साथ ही कहा कुछ दिनों अंदर ही टोरी से चंदवा स्टेशन के बीच हो रही निर्माण कार्य एवं सुविधाओं का अवलोकन दक्षिण पूर्व रेल प्रबंधक और उनकी तकनीकी व अन्य कर्मचारियों के साथ करेंगे। जिससे कि और जितनी भी कमियां है उसकी सुधार व निर्माण कराया जा सके। सांसद ने कहा कि मैं किसानों के फसलों को जिले व राज्य से बाहर ज्यादा मुनाफा मिले उसमें रेलवे का योगदान भी ज्यादा से ज्यादा मिले उसे लेकर लगातार प्रयासरत हैं।

**बैठक** प्रशासक ने शहरी क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ की बैठक

# बीएलओ ऐप का दिया गया प्रशिक्षण



राष्ट्रीय खबर

**गुमलाः** नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने अपने सभी निर्वाचन पर्यवेक्षकों तथा बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ मतदाता सूची को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के नए मतदाताओं को सतत रूप से पंजीकृत करते रहें, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के सुधार की प्रक्रिया भी अपनाते रहें, मतदाताओं को आधार कार्ड से सीडिंग करने की दिशा में भी प्रगति लाएं। इस दौरान पर्यवेक्षक बृजेश कुमार व तकनीकी सहायक मंगल तिर्की के द्वारा सभी बीएलओ को ह्वबीएलओ एपह्न का प्रशिक्षण दिया गया। इस ऐप को कैसे डाउनलोड करना है, कैसे लॉगिन करना है तथा उसकी मदद से बीएलओ लोग कैसे कार्य करेंगे इसको विस्तार से प्रैक्टिकल कर-के सिखाया गया। संजय कुमार ने अपने सभी सुपरवाइजर व बीएलओ को निर्देश दिया कि न केवल 18 साल की उम्र पूरी कर रहे युवाओं को शत-प्रतिशत रूप से मतदाता के रूप में पंजीकरण करें बल्कि उनके क्षेत्रों में जो नवविवाहिता वधुयें शादी करके आ रही हैं उन्हें भी मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि अभी शादियों का दौर चल रहा है, इस सीजन में जो नवविवाहिता उनके क्षेत्र में शादी करके आयी हो उसके घर जाकर अनौपचारिक तौर से स्वागत करते हुए उसका फॉर्म 6 भरवा कर मतदाता सूची से जोड़ें। उन्होंने अपने सभी बीएलओ को अभी प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में एक बीएलओ की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वयस्क मताधिकार का प्रयोग करने के लिए हर व्यक्ति को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बीएलओ की मदद लेनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ इस बात का जरूर ध्यान रखें कि मतदाता सूची में लिंगानुपात संतुलित रहे अर्थात महिला और पुरुष दोनों को बराबर गति से पंजीकरण करने की दिशा में कार्य करें। संजय कुमार ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से भी अनुरोध किया है कि वे चाहें तो गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर इस एप की मदद से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं, परिवर्तित कर सकते हैं, या कटवा सकते हैं। वे चाहें तो निर्वाचन कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 065241950 पर कॉल करके भी मदद ले सकते हैं। उन्होंने अपने बीएलओ को भी निर्देश दिया कि वे जिन घरों में जाएं उन घर के सदस्यों को अपने सामने वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करवा कर उसे प्रयोग करना भी सिखाएं ।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन ने भूख हड़ताल का समर्थन किया

**जयनगर** : झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के सचिव विजय पासवान ने कहा कि डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह कोडरमा में मेंटेनेंस कार्य कर रहे ठेकेदार मेसर्स गोपाल मिस्त्री के पूर्व ठेकेदार सिन्हा इंटरप्राइजेज में कार्य कर रहे मजदूर संजय यादव का मेसर्स गोपाल मिस्त्री के द्वारा गेट पास नहीं बनाए जाने को लेकर 10 मई 2023 से एक नंबर गेट के समझ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठा है। झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन इसके भूख हड़ताल को नैतिक समर्थन करती है और डीवीसी मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रधान से अविलंब वार्ता करा कर इस मामले को हल करने की मांग करती है। गर्मी का मौसम है और आज भूख हड़ताल का दूसरा दिन जारी है अगर कल तक इस मामले का हल नहीं निकाला गया तो झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन प्लांट के मजदूरों का मीटिंग बुलाकर आगे की रणनीति तय करेगी। आज एचआर विभाग के प्रभारी डीजीएम रवि कुमार से टेलिफोनिक बातचीत हुई थी उन्होंने 3 बजे वार्ता का समय रखा था लेकिन ठीकेदार के मीटिंग में नहीं आने के कारण वार्ता नही हो पाई।

### बिजली चोरी के आरोप में 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**जयनगर :** प्रखंड में विद्युत चोरी करने के विरुद्ध 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। यह प्राथमिकी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा जयनगर कनीय विद्युत अभियंता हरेकृष्ण केसरवानी ने कराया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि 11 मई 2023 को पूर्वाहन 12 बजे से अपराहन 4 बजे तक अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें मजहर खान, कर्मी मोहन पासवान, पवन कुमार एवं अन्य विद्युत विभाग के लोग शामिल थे। छापेमारी के दौरान बालेश्वर भुइयां ग्राम सेहवाडीह, हकीम खान, विजय यादव, बरवाडीह, पप्पू मोदी बरवाडीह, कार्तिक राम बरवाडीह, ब्रह्मदेव यादव बरवाडीह, चंदन राम कटहाडीह, मोहम्मद खान कटहाडीह, कैफ खान कटहाडीह, जमाल खान कटहाडीह, बाबर खान कटहाडीह के खिलाफ आठ हजार रुपये प्रति व्यक्ति की दर से जुमार्ना लगाया है।

### सरकार ने आशियाना बनाने के लिए राशि दी, उसका सदुपयोग करें - अरुणा कुमारी



**जयनगर :** प्रखंड के तमाय पंचायत भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रधानमंत्री आवास के वैसे लोगों ने जिन्होंने राशि ले ली है मगर आवास पूर्ण नहीं किया है उन्हें जागरूक किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी ने कहा कि सरकार ने आपको आशियाना बनाने के लिए राशि दी है। उसका सदुपयोग करें आवास को पूर्ण करें अन्यथा सरकारी राशि के दुरुपयोग का मामला बनता है। बाध्य होकर इसमें कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि वैसे लाभुक शीघ्र अपने आवाज को पूर्ण करें घर आपका है सरकार पैसे दे रही है बनाएं और उसमें रहें। मौके पर मुखिया सीमा कुमारी, पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, सभी वार्ड सदस्य लाभुक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



**कोडरमा :** जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि सड़क पर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरुर करें। वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में भी बताया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक हिमांशु रंजन, अभिषेक मंराडी व अन्य मौजूद थे।

### कुडू में श्री श्री 1008 श्री महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ 13 से 19 मई तक

**कुडू** :कुडू के चंदवा रोड में श्री श्री 1008 श्री महालक्ष्मी नारायण महायज्ञ 13 मई से शुरू हो जाएगा। यह यज्ञ 19 मई तक चलेगा । यज्ञ आयोजन समिति के संयोजक प्रमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि यज्ञ की तैयारी पूरी हो गई है। यज्ञ स्थल का बेरीकेटिंग, स्टेज , व यज्ञ मंडप आदि का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है । 13 मई को सुबह सात बजे भव्य कलश यात्रा के साथ यज्ञ की शुरूआत की जाएगी। यज्ञ स्थल से सैकड़ो महिलाएं कलश लेकर टीको नदी तक जाएगी। वहां से कलशो में जल भरकर कलश यात्रा यज्ञ स्थल पर किया जाएगा। प्रमोद साहू ने बताया कि 13 से 19 मई तक प्रतिदिन दिन भर विशेष अनुष्ठानों के अलावे सातो दिन संध्या सात से 10 बजे तक बक्सर के पंडित धनंजय शास्त्री, झांसी के सुश्री बाल कथा प्रवाचिका आराध्या दीदी का प्रवचन होगा। यज्ञ श्री श्री 1008 श्री सुखनंदन जी महाराज उर्फ झारखंडी बाबा के मार्गदर्शन में किया जाएगा ।

### जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**कुडू** :स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के द्वारा आज दिनांक 13 मई 2023 दिन शनिवार को समय 11:00 बजे पूर्वाहन जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कुडू प्रखंड मुख्यालय में आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उपस्थित होंगे अत: आप सभी कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी सम्मानित नेतागण सभी पंचायत अध्यक्षगण बूथ अध्यक्ष एवं सदस्यगण जिला परिषद के अध्यक्ष, प्रखंड के प्रमुख, सभी पंचायत समिति सदस्यगण, सभी मुखियागण एवं कुडू प्रखंड क्षेत्र के सभी सम्मानित आम जनता से आग्रह है कि इस जनसुनवाई कार्यक्रम में अपना और अपने क्षेत्र की समस्याओं से मंत्री जी को अवगत कराएं और उनका निराकरण कराने हेतु निर्धारित समय पर अवश्य पधारें।

### कुडू में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया

**कुडू** : आर एस एस एवं कनेक्टिंग होम रांची के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप स्थित शिवाजी चौक कुडू में रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से भैरव सिंह उपस्थित हुए। मौके पर प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के लोहरदगा जिला अध्यक्ष टिंकू महतो ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं ।रक्तदान महादान ,रक्तदान करके हम सैकड़ों लोगों की जान बचा सकते हैं इस बीच,शुभम कुमार ,कृष्णा मोदी ,नवीन चुन्नू, मंगलू पासवान ,अभिषेक कुमार रजक सहित कई लोगों ने ब्लड डोनेट किया।

## न्यूज फटाफट

### इंटरकॉन्टिनेंटल कपः मंगोलिया के खिलाफ करेगा भारत अभियान का आगाज



**भुवनेश्वर :** बहुप्रतीक्षित अंतर महाद्वीप कप में भारत अपने अभियान का आगाज नौ जून को मंगोलिया के खिलाफ मैच से करेगा। कलिंगा स्टेडियम पर खेले जाने वाली इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाली दो अन्य टीमें लेबनान और वनातू भी आमने सामने होंगी। भारत और मंगोलिया के बीच नौ जून को उदघाटन मैच खेला जायेगा। यह टूर्नामेंट कतर में खेले जाने वाले एएफसी एशियन कप की तैयारी का एक हिस्सा है। इंटरकांटिनेंटल कप के बाद भारत 21 जून से तीन जुलाई के बीच बेंगलुरू में खेली जाने वाली सैफ चैंपियनशिप में भाग लेगा। मुख्य कोच इगोर स्टीमैक की अगुवाई में भारतीय टीम 15 मई से भुवनेश्वर में टूर्नामेंट की तैयारी में जुट जायेगी। अंतर महाद्वीप कप का यह तीसरा सत्र है। इससे पहले 2018 में मुबंई और 2019 में अहमदाबाद में यह चैंपियनशिप खेजी जा चुकी है। चैंपियनशिप में सभी चारों टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी और इनमें से दो अव्वल टीमों के बीच खिताबी मुकाबला 18 जून को खेला जायेगा।

### एशिया कप 2023 को लेकर पाकिस्तान ने फिर दी धमकी



**नई दिल्ली:** पाकिस्तान में एशिया कप के कुछ मैचों की मेजबानी करने को व्याकुल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अब एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को उसे पहले दौर के चार मैचों की मेजबानी देने के लिये मना रहा है वरना वह एसीसी से बाहर निकल जायेगा।
पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी का 'हाइब्रिड मॉडल' अन्य सदस्य देशों ने खारिज कर दिया जिसके तहत पाकिस्तान भारत के खिलाफ मैचों के अलावा अपने घरेलू मैच अपने देश में ही खेलता। पीसीबी ने एशिया कप श्रीलंका में कराने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। एक विश्वस्त सूत्र ने बताया, 'नजम सेठी ने हाइब्रिड मॉडल के प्लान बी के तहत दुबई में इस सप्ताह एसीसी के सामने प्रस्ताव रखा है कि उसे चार मैचों की मेजबानी दे दी जाये।' उन्होंने कहा कि एसीसी को सेठी ने यह भी बताया है कि प्लान बी खारिज होने पर पाकिस्तान एशिया कप में नहीं खेलेगा और एशियाई क्रिकेट परिषद से भी बाहर हो जायेगा।वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने गुरुवार (11 मई) को कहा कि अगर भारत एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं आता है तो पाकिस्तान सरकार भारत में वर्ल्ड कप खेलने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम को अनुमति नहीं देगी। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान के विश्व कप में भाग लेने का एकमात्र तरीका यह है कि उसके मैच तटस्थ देश में आयोजित किए जाएं।

### एकाग्र और शांत रहना सफलता की वजहः यशस्वी

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले राजस्थान रायल्स के यशस्वी जायसवाल ने कहा कि एकाग्रता और आत्मविश्वास उनके प्रदर्शन में निखार लाने में मददगार साबित हो रहा है। मुबंई के 21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरूवार को केकेआर के खिलाफ मात्र 13 गेंदो में अर्धशतक जड़ा था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी की नाबाद 98 रन की तूफानी पारी की बदौलत राजस्थान ने एकतरफा मुकाबले में केकेआर को नौ विकेट से रौंद दिया था। यशस्वी ने मैच के बाद कहा '' निसंदेह यह मेरी यादगार पारी थी जिसे आप कभी नहीं भूलना चाहेंगे। मै जब बल्लेबाजी कर रहा था था तो मुझे लगा कि सब कुछ सही जा रहा है और मुझे इसी तरह अपनी पारी को आगे बढाना चाहिये। संजू (संजू सैमसन) भाई मेरा उत्साहवर्धन कर रहे थे। '' यशस्वी ने कहा '' मैं अपनी बल्लेबाजी में सुधार के लिये हमेशा नया सीखने की कोशिश करता हूं और शांत एवं एकाग्रतचित होने का प्रयास करता हूं। मेरी खुशकिस्मती है कि आईपीएल में मुझे धोनी भाई,राहुल भाई और विराट भाई जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को करीब से देखने और जानने का मौका मिल रहा है।

**प्रतिबद्ध** एथलीट आयोग ने पीटी उषा को कार्रवाई करने की मांग की

# जंतर मंतर के आंदोलन को दिया नैतिक समर्थन

▶▶ आईओए संविधान के अनुसार, एसी हर चार साल में एथलीटों द्वारा चुने जाते हैं

▶▶ इसकी प्राथमिक भूमिका एथलीटों के हित का प्रतिनिधित्व करना और आईओए में उनकी आवाज बनना है



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग (एसी) ने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर जोर दिया है कि यह निकाय एथलीटों की आवाज है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि एथलीटों के अधिकारों को कायम रखा जाए। इस संगठन द्वारा 29 अप्रैल को विरोध करने वाले पहलवानों के साथ एकजुटता दिखाते हुए एक बयान जारी नहीं कर पाने के बाद, इसकी स्वायत्तता पर सवाल उठाने के बाद यह आया है। आईओए को भेजे ताजा पत्र में उसने विरोध करने वाले पहलवानों पर बयान भी भेजा है।

आईओए संविधान के अनुसार, एसी हर चार साल में एथलीटों द्वारा चुने जाते हैं, और इसकी प्राथमिक भूमिका एथलीटों के हित का प्रतिनिधित्व करना और आईओए में उनकी आवाज बनना है।

हम दृढ़ता से मानते हैं कि एसी और आईओए के बीच नियमित परामर्श यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि एथलीटों की आवाज सुनी जाए और उनके हितों का प्रतिनिधित्व किया जाए। एथलीट कमिशन, एथलीटों के समुदाय के साथ किसी भी जानकारी/प्रतिक्रिया/परामर्श के लिए आधिकारिक चैनल भी है। शीर्ष निकाय के रूप में, एसी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि एथलीटों के अधिकारों को बरकरार रखा जाए और उनके हितों का प्रतिनिधित्व किया जाए, जिससे आईओए को लाभ होगा। उसने आईओए से सिफारिश की कि वह एथलीटों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाए जैसा कि हमारे एथलीटों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा अनिवार्य है।
बयान में कहा गया है कि, हमें उम्मीद है कि यह पत्र एथलीट आयोग की भूमिका और आईओए के साथ उसके संबंधों के बारे में एक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। इसने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि पहलवानों के विरोध से संबंधित गतिरोध भूमि के कानून के अनुसार हल हो गया है।

पहलवानों पर 10 सदस्यीय एसी के बयान में कहा गया है कि यह सर्वसम्मति से और गहराई से चिंतित था कि ओलंपिक और विश्व पदक विजेताओं सहित एथलीटों ने राष्ट्रीय महासंघ, डब्ल्यूएफआई के खिलाफ यौन उत्पीड़न, खेल संहिता के उल्लंघन और नैतिकता के गंभीर आरोप लगाए हैं। एथलीटों के मुद्दों से निपटने के लिए बनाई गई नवनिर्वाचित सर्वोच्च संस्था के रूप में, यह आयोग है और एथलीट समुदाय के विश्वास को फिर से हासिल करने के लिए सिस्टम बनाने का प्रयास करेगा, उनका उचित सम्मान सुनिश्चित करेगा, उनका सम्मान करेगा। आधिकारिक मंचों पर आवाज उठाएं और परामर्श और सहायता प्रदान करें।

## खेल जगत अपडेट्स

### यशस्वी और रिंकू भारतीय टी20 टीम के हकदारः शास्त्री



**कोलकाता :** भारतीय टीम के पूर्व सदस्य हरभजन सिंह और रवि शास्त्री ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार प्रदर्शन कर रहे यशस्वी जायसवाल और रिंकू सिंह को बगैर देर किये भारत की टी-20 टीम में जगह दिये जाने की वकालत की है। स्टार स्पोर्टस से बातचीत में पूर्व भारतीय स्पिनरों ने कहा कि भारत की टी20 टीम में युवा प्रतिभाओं को शामिल करने का समय आ गया है और इसमें देरी करना बिल्कुल तर्कसंगत नहीं होगा। शास्त्री ने कहा, '' अगर टीम इंडिया वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस कर रही है तो चयनकर्ताओं को यशस्वी और रिंकू जैसे युवाओं को अधिक से अधिक मौके देने पर ध्यान देना चाहिए। इन खिलाड़ियों को फास्ट ट्रैक किया जाना चाहिए और अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए इन्हे तैयार किया जा सकता है। अगर चयनकर्ता अभी उन्हें नहीं चुनते हैं तो मुझे नहीं पता कि वे और क्या खोज रहे हैं।'' मुबंई के यशस्वी जायसवाल आईपीएल में राजस्थान रायल्स की ओर से खेलते हुये शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 साल के यशस्वी ने आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक लगाकर एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया। केकेआर के खिलाफ स्टाइलिश बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने सिर्फ 13 गेंदों पर अर्धशतक बनाया जो अब तक का दूसरा सबसे तेज टी20 अर्धशतक है। युवा खिलाड़ी से प्रभावित भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिह का मानना ??है कि जायसवाल राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को उनकी प्रतिभा पर ध्यान देने और उन्हें कॉल-अप देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उन्होने कहा ''यशस्वी जायसवाल सिर्फ भारतीय क्रिकेट टीम के दरवाजे पर दस्तक ही नहीं दे रहे हैं बल्कि वह अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन से इसे तोड़ते दिख रहे हैं। वह एक प्रतिभा है। उन्हे देखकर लगता है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य अच्छे हाथों में है।''

यशस्वी जयसवाल की ताबड़तोड़ पारी देख हैरान हुए विराट कोहली

## बोले,वाह क्या टैलेंट है

**एजेंसियां**

**नई दिल्लीः** राजस्थान रॉयल्स के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल ने बीते गुरुवार (11 मई) कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच में शानदार पारी खेली। जयसवाल ने 47 गेंदों में 13 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 98 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 208।51 का रहा। राजस्थान के ओपनर बल्लेबाज की यह पारी देख आरबीसी के विराट कोहली हैरान हो गए। उन्होंने यशस्वी की तारीफ करते हुए कहा, क्या टैलेंट है। यशस्वी जयसवाल की पारी देख विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी शेयर की। कोहली ने लिखा, ह्लयह कुछ समय में मैंने जो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी देखी है, उनमें से कुछ है। क्या टैलेंट है।
इसके आगे उन्होंने यशस्वी को अपनी स्टोरी मे टैग भी किया।



यशस्वी की इस पारी की बदौलत राजस्थान बड़ी ही आसानी से मैच जीत गई। यशस्वी जयसवाल की पारी देख विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी शेयर की। कोहली ने लिखा, ह्लयह कुछ समय में मैंने जो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी देखी है, उनमें से कुछ है। क्या टैलेंट है। इसके आगे उन्होंने यशस्वी को अपनी स्टोरी मे टैग भी किया। यशस्वी की इस पारी की बदौलत राजस्थान बड़ी ही आसानी से मैच जीत गई।

## अर्जुन तेंदुलकर और तिलक वर्मा की होगी वापसी?



**एजेंसियां**

**नई दिल्लीः** आईपीएल 2023 का 57वां मुकाबला आज शाम मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। भारतीय समयानुसार यह मैच 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा, वहीं इस मैच का टॉस आधे घंटे पहले 7 बजे होगा। एमआई और जीटी दोनों ही टीमों के लिए यह मैच अहम रहने वाला है। हार्दिक पांड्या एंड कंपनी आज के मुकाबले को अपने नाम कर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी, वहीं रोहित शर्मा की पलटन की नजरें नॉक आउट दौर के नजदीक पहुंचने पर होगी। दोनों टीमें फिलहाल आईपीएल 2023 प्वाइंट्स टेबल के टॉप-4 में हैं।सबसे पहले बात मेजबान टीम मुंबई इंडियंस की करते हैं, 11 मैचों में 12 अंक लेकर एमआई प्वाइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है। अगर आज के मुकाबले में रोहित की पलटन बाजी मारती है तो वह 14 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा और उनके प्लेऑफ में पहुंचने के चांस भी अधिक हो जाएंगे। ऐसे में रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन में दो बड़े बदलाव कर सकते हैं।

# हेमा मालिनी ने अल्लू अर्जुन की तारीफ की

**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी ने दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन के अभिनय की तारीफ की है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पाः दि राइजा' दर्शकों को बेहद पसंद आयी थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी थी। अल्लू अर्जुन के अभिनय को बेहद पसंद किया गया। हेमा मालिनी अल्लू अर्जुन की तारीफ की है। हेमा मालिनी ने कहा, ''मैंने पुष्पा देखी और बड़ा मजा आया देखने में। फिल्म का वह खास डांस स्टेप कई लोग करते हैं। मुझे अल्लू की परफॉर्मेंस बहुत अच्छी लगी। इसके बाद मैंने अल्लू की दूसरी एक फिल्म देखी और अनुभव किया वह गुड लुकिंग बॉय है। 'पुष्पा' में वह बिल्कुल ही अलग नजर आ रहे थे। उसने बहुत बढ़िया किरदार निभाया, सबसे बड़ी बात यह है कि उसने इस तार ?ह के लुक के लिए हामी भरी।''



## राहुल शर्मा और अक्षरा सिंह की फिल्म 'डार्लिंग' का फर्स्ट लुक रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता राहुल शर्मा और भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की आने वाली फिल्म 'डार्लिंग' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म डार्लिंग के निर्देशक लेखक एवं कथाकार रजनीश मिश्रा है। प्रदीप के शर्मा के बाबा मोशन पिक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी और रत्नाकर कुमार द्वारा प्रस्तुत फिल्म 'डार्लिंग' की को प्रोड्यूसर अनीता शर्मा है। वहीं फिल्म को लेकर प्रदीप के शर्मा ने कहा कि डार्लिंग एक बेहतरीन फिल्म होने वाली है। फिल्म रिलीज के प्रोसेस में है। यह भोजपुरी की सबसे बड़ी बजट की फिल्म है। इस पर हम सभी ने मिलकर बेहद मेहनत की है। उम्मीद है जब यह थिएटर में आएगी तो दर्शकों को यह पसंद आने वाली है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के मालिक रत्नाकर कुमार ने कह, 'डार्लिंग' इंडस्ट्री में स्थापित सभी धारणाओं को तोड़ने वाली फिल्म होगी। फिल्म का कथानक उम्दा है।

## प्रदीप पांडेय चिंटू ने शुरू की 'ओम' की शूटिंग



**एजेंसियां**

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू ने अपनी आने वाली फिल्म ओम की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म ओम का निर्देशन सुनील मांझी कर रहे हैं। फिल्म ओम के लेखक वीरू ठाकुर ने बताया कि 'ओम 'एक हिस्टोरिकल बेस्ड फिल्म होगी जिसकी कहानी में नयापन होगा।ओम टाईटल अपने आप मे एक यूएसपी है। वहीं फिल्म के निर्देशक सुनील मांझी ने कहा, मैं प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ पहली बार निर्देशन कर रहा हूं।इसके पहले हमने कल्लू के लेकर फिल्म दिलवर बनाई थी।उम्मीद करता हूं कि यह ×फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी।

## 02 जून को रिलीज होगी खेसारीलाल यादव की अवधी फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना'



**एजेंसियां**

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की अवधी फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना'02 जून को रिलीज होगी.। 'मेरे नैना तेरे नैना' के निर्देशक लाल विजय शाहदेव हैं जबकि निर्माता राकेश डांग और दीपक सिम्हल हैं। रवि भाटिया, इस फिल्म में स्पेशल एपीयरेंस में नजर आएंगे। फिल्म को लेकर निर्देशक लाल विजय शाहदेव ने बताया कि फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' की कहानी के बारे में पहले से बताना सही नहीं होगा। लेकिन इतना तय है कि यह फिल्म मनोरंजन के एक अलग ही लेवल पर ले जाने वाली फिल्म है, जिसमें दर्शक अंत तक एक रहस्य से जुड़े रहेंगे। फिल्म की पूरी जर्नी रोमांचक होने वाली है और फिल्म में खेसारीलाल यादव का अभिनय भी मुख्य आकर्षण होने वाला है। फिल्म का ट्रेलर पहले ही यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। फिल्म भी 2 जून से सिनेमाघरों में होगी। इसलिए दर्शकों से अपील होगी कि वे हमारी फिल्मों को अपने परिजनों के साथ सिनेमाघरों में जाकर देखेंगे। गौरतलब है कि फिल्म 'मेरे नैना तेरे नैना' में खेसारी लाल यादव के साथ खुशबू शर्मा, कामाक्षी ठाकुर, नीना चीमा, रितु शर्मा, निशिकांत दीक्षित और चुन्नू मेहरा मुख्य भूमिका में है। इस फिल्म की सह निर्माता अमृता शाहदेव एवं मधुकर वर्मा, लेखक लाल विजय शाहदेव एवं केदार धारवाडकर हैं। छायांकन अजीत सिंह ने किया है। संगीत सुरज, कृष्णा बेदर्दी एवं ओम झा का है। संकलन नुरेन अंसारी-अखिलेश सिंह और गीत प्यारे लाल यादव व कृष्णा बेदर्दी का का है। नृत्य कानू मुखर्जी, कला डी. के. राहुल, तकनीक निर्देशक कामाक्षी ठाकुर हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### जनपद पंचायत के लिपिक की दुर्घटना में मौत

**दमोह :** मध्यप्रदेश के दमोह जिले की जबेरा जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ लिपिक लक्ष्मण यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार लिपिक लक्ष्मण यादव कार्यालय के अवकाश के उपरांत कल देर शाम मोटरसाइकिल से अपने घर दमोह आ रहे थे। इसी दौरान नोहटा के पास एक डंपर ने मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### युवक ने किशोरी को गोली मार कर की आत्महत्या

**मुरैना :** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में आज दोपहर एक युवक ने अपनी कथित प्रेमिका को गोली मारने के बाद खुद को गोली मार ली, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जौरा पुलिस के अनुसार स्थानीय निवासी किशोरी (14) को विजय प्रजापति (23) ने गोली मार दी। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा है कि प्रथम दृष्टिया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया गया है।

### सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**भिंड :** मध्यप्रदेश के भिंड जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की मौत हो गई। जिले में पिछले 11 दिन में 18 सड़क हादसों में 13 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वहीं इतने ही घायल हुए हैं। मरने वालों में ज्यादातर लोग बाइक पर सवार थे। ज्यादातर हादसों के पीछे कारण ओवरस्पीडिंग को बताया जा रहा है। अटेर-पोरसा सड़क मार्ग पर कल रात हुए हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। मुरैना जिले के पोरसा थाना क्षेत्र के गांव सिलावली निवासी छोटू तोमर (20), रामू तोमर (25) और किशन तोमर (24) भिण्ड जिले के फूप थाना क्षेत्र के मौनपुरा शादी समारोह में शामिल होने आए थे। घर वापस लौटने के दौरान तीनों हादसे का शिकार हो गए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दो गुटों में गोलाबारी,एक युवक की मौत

**होशियारपुर :** पंजाब में होशियारपुर के पिपलानवाला में शुक्रवार को एक जिम के बाहर हुई गोलाबारी में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक (जांच) सरबजीत सिंह बाहिया ने बताया कि स्थानीय पिपलानवाला के एक जिम में आज कुछ लोगों के बीच कहासुनी हो गयी। दोनों गुटों ने अपने समर्थकों को बुलाया और जिम के बाहर विवाद हो गया, जिसमें भगत नगर के साजन (28) और गोकल नगर के जसप्रीत सिंह (34) ने एक-दूसरे के सिर पर गोलियां मार दीं। साजन को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जसप्रीत सिंह को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल रेफर किया गया है। बाहिया ने बताया कि गोलीबारी के पीछे के सही कारण का अभी पता नहीं चल सका है और अपराध में इस्तेमाल किए गए हथियार अभी तक बरामद नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज की गोलीबारी की घटना कोई गैंगवार नहीं थी, यह सिर्फ कुछ युवकों के बीच लड़ाई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तीन आरोपियों को 15 हथियारों के साथ गिरफ्तार

**बड़वानी :** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले की संधवा शहर पुलिस ने पड़ोसी जिले खरगोन में बड़ी लूट को अंजाम देने के पूर्व तीन आरोपियों को 15 हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। बड़वानी पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि पलसूद के सिकलीगर से भारी मात्रा में हथियार लेकर कुछ लोग संधवा की तरफ निकले हैं। इस पर संधवा के एसडीओपी कमल सिंह चौहान ने संधवा शहर थाना प्रभारी के नेतृत्व में दो टीमें गठित की और जैसे ही जोगवाड़ा रोड पर संदिग्ध आते दिखे, उन्हें रोक लिया गया।

---

**समर्थन**

## अपनी शर्तों पर ही किसी को समर्थन देगी जनता दल एस

# कुमारस्वामी खुद मुख्यमंत्री पद के दावेदार



**राष्ट्रीय खबर**

**बेंगलुरु:** कर्नाटक में खंडित जनादेश की आशंका जताते हुए जद (एस) विधायक दल के नेता एच डी कुमारस्वामी ने कहा कि वह भाजपा या कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सी पार्टी उनकी शर्तों को पूरा करती है। कुमारस्वामी की यह पेशकश बुधवार को मतदान के दिन आने वाले 10 में से सात एग्जिट पोल के संदर्भ में है, जिसमें कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में दिखाते हुए खंडित जनादेश का संकेत दिया गया है। मतगणना के दिन (शनिवार) से पहले एक त्वरित ब्रेक के लिए सिंगापुर रवाना होने से पहले कुमारस्वामी ने एग्जिट पोल का उल्लेख किया, उनमें से कई जद (एस) के लिए एक बड़ी चढ़ाई का अनुमान लगाते हैं। खंडित जनादेश आने की स्थिति में जेडीएस के बिना भाजपा अथवा कांग्रेस, कोई भी सरकार नहीं बना पायेगी। खुद कुमारस्वामी ने कहा कि उन्हें अभी भी 50 सीटें जीतने का भरोसा है। इस बार, उस पार्टी के साथ जाऊंगा जो मेरी शर्तों को पूरा करने के लिए सहमत है। कुमारस्वामी की स्थिति उन बाधाओं से उपजी है, जिनका सामना उन्होंने तब किया जब वे गठबंधन सरकारों के तहत दो बार मुख्यमंत्री बने, एक बार भाजपा (2006) और फिर कांग्रेस (2018) के साथ। इस बार, वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि गठबंधन के लिए हस्ताक्षर करने से पहले उसकी शर्तों को पूरा किया जाए। मोटे तौर पर कुमारस्वामी की शर्त यह है कि मुख्यमंत्री के तौर पर उन्हें सरकार चलाने की खुली छूट होनी चाहिए। यानी गठबंधन में भी वह खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। विशेष रूप से, कुमारस्वामी चाहते हैं कि जद (एस) के सांसदों को जल संसाधन, बिजली और सार्वजनिक कार्यों जैसे महत्वपूर्ण विभाग मिलें। वह दृढ़ हैं कि उनके गठबंधन सहयोगी को उन्हें जद (एस) के घोषणापत्र में किए गए वादों को लागू करने की अनुमति देनी चाहिए। कुमारस्वामी गठबंधन समन्वय समिति नहीं चाहते हैं, एक तंत्र जो 2018 में स्थापित किया गया था जब उन्होंने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाया था। वह यह भी चाहते हैं कि उनका गठबंधन - जद (एस) के क्षेत्रों से दूर रहे। बिना विचार-विमर्श के कोई भी विचारधारा संबंधी निर्णय न लेना दूसरी शर्त है। जद (एस) के सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा, जो भाजपा और कांग्रेस दोनों के राष्ट्रीय नेताओं के साथ अच्छे तालमेल साझा करते हैं, गठबंधन बनाने पर अंतिम निर्णय लेंगे। कुमारस्वामी ने इस बार के विधानसभा चुनाव में कई मौकों पर खंडित जनादेश की भविष्यवाणी की थी। दिसंबर 2022 में, कुमारस्वामी ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा था कि भगवा पार्टी को 2023 के चुनावों के बाद उनके पास जाना होगा। फिर, मार्च में, कुमारस्वामी ने दावा किया कि उन्हें भाजपा और कांग्रेस दोनों के आलाकमान से संकेत प्राप्त हुए थे, जिसकी पुष्टि देवेगौड़ा ने भी की थी। कर्नाटक में 2018, 2008 और 2004 में खंडित जनादेश था,जिसके परिणामस्वरूप गठबंधन सरकारें और परिचर राजनीतिक अस्थिरता थी।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए एमबीबीएस में आरक्षण स्वागतयोग्य कदम : शर्मा

**भोपाल :** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि शासकीय स्कूलों के बच्चों का एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पांच फीसदी आरक्षण का प्रदेश सरकार का निर्णय ऐतिहासिक कदम है। शर्मा ने अपने बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने ये ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सरकारी स्कूल में पढ़कर योग्य बन करके इस स्थान पर पहुंचने की जिनकी क्षमता है, ऐसे विद्यार्थियों को पांच फीसदी सीटों का आरक्षण मेडिकल की पढ़ाई में दिया गया है, इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाई के लिए प्रेरित होंगे। शर्मा ने कहा कि जो कहा, उसको पूरा करने का काम सरकार ने किया है। भाजपा सरकार आश्वासन देकर मुकरती नहीं है।

---

## कामवाई के पास अज्ञात अपराधियों की फायरिंग में एक जवान घायल

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को दिया कठोरता का निर्देश

- राज्य में हिंसा से अब तक 120 लोग मारे
- पूरे प्रदेश में 26 सौ घर जलाये गये हैं
- दस हजार सैनिकों को सड़कों पर उतारा



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी :** मणिपुर में आज सुबह फिर हिंसा भड़क उठी है। बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिले के बीच कामवई के पास सुरक्षा बलों और संदिग्ध उग्रवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ में मणिपुर पुलिस का एक कमांडो शहीद हो गया जबकि तीन अन्य घायल हो गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सेना को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मणिपुर में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है क्योंकि मणिपुर में चुराचांदपुर जिले की सीमा से लगे कामवई के पास मोलंगत ग्रामीण में आज सुबह हिंसा की ताजा घटनाएं सामने आई है।अब मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए 15,000 सैनिक सड़कों पर उतर आए हैं, इंफाल में जीवन पटरी पर लौट आया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कामवई के पास मोलनगोट गांव में गोलीबारी की ताजा घटनाएं सामने आईं, जहां 11 मई को सुबह आठ बजे कुकी और मेइतेई समुदाय के बीच कथित तौर पर झड़पें हुईं। सूत्रों ने पुष्टि की है कि कुछ घरों में आग लगा दी गई है, जबकि आगजनी की गई है और इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी चल रही है। यहां उल्लेख करें कि हिंसा प्रभावित मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले में बुधवार सुबह कर्फ्यू में ढील के दौरान शाम 7 बजे सेना की एक टुकड़ी पर हथियारबंद लोगों ने फायरिंग कर दी। सेना ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हथियारबंद लोग भाग गए। इसमें असम राइफल्स का एक जवान घायल हो गया है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार शाम करीब 7 बजे सेनापति जिले के दोलाईथाबी में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सेना की टुकड़ी पर अचानक गोलीबारी कर दी। जवाबी कार्रवाई में सेना ने भी कुछ राउंड फायरिंग की।

---

## भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बीच ईश्वरीय चमत्कार देख हैरान लोग

# किवु झील पर दो तैरते हुए बच्चों को पाया गया



**राष्ट्रीय खबर**

**ब्राजिविले:** भीषण बाढ़ से सूडान का बहुत बड़ा इलाका प्रभावित हुआ है। इस बाढ़ और उसके बाद हुए भूस्खलनों में चार सौ से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। इसके बीच ही एक अजीब खबर आयी है। पूर्वी कांगो के किवु झील के किनारे तैरते हुए दो बच्चों को बचाया गया है। स्थानीय समुदाय के नेता डेलफिन बिरंबी ने बताया, यह एक चमत्कार है, हम सभी हैरान थे। बाढ़ में इन बच्चों के माता-पिता की मृत्यु हो गई है, लेकिन समुदाय उन लोगों के संपर्क में है जो उन्हें पाल सकते हैं, श्री बिरंबी कहते हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि झील में तीन दिन तक बच्चे कैसे जीवित रहे, लेकिन देखने वालों का कहना है कि वे मलबे पर तैर रहे थे। बच्चों को सोमवार को बचाया गया था - एक बुशुशु में और दूसरा न्यामुकुबी में, पिछले हफ्ते आई बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित यही दो गांव हुए थे। त्रासदी ने गांवों में शवों के ढेर और कंबल में लिपटे हुए दर्दनाक दृश्यों को जन्म दिया है। मेडिकल चैरिटी मेडेसिन्स सैन्स फ्रंटियरेस (एमएसएफ) के एक प्रतिनिधि ने आपदा के पैमाने को रेखांकित करते हुए कहा कि गांव मानवीय संकट का सामना कर रहे थे। एक स्थानीय पत्रकार द्वारा ट्विटर पर साझा किए गए एक वीडियो में एक महिला को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि बचाए गए बच्चों में से एक का पैर बुरी तरह से जख्मी है। बाढ़ के बाद इलाके से 5,000 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं और बचाव गतिविधियां अभी भी जारी हैं।

---

# धनखड़ रविवार को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे



**एजेंसिया**

**नयी दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को राजस्थान के पुष्कर, खरनाल तथा मेड़ता शहर के दौरे पर रहेंगे और पूर्व केंद्रीय मंत्री नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि धनखड़ पुष्कर में पवित्र ब्रह्मा मंदिर और जाट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा इसके बाद विख्यात और श्रद्धेय समाज सुधारक वीर तेजाजी की जन्मस्थली नागौर में खरनाल जाएंगे। वह मेड़ता शहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और नागौर के कृषक समुदाय के प्रतिष्ठित नेता, स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा छह बार लोकसभा के सदस्य रहे और वर्ष 1979-80 और 1989-90 तक केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

---

# बखमुत से रूसी सैनिकों का पलायन : वैगनर प्रमुख

- प्रिगोगिन को पुतिन का शेफ कहा जाता है
- हथियार और गोला-बारूद नहीं देंगे तो वे बखमुत छोड़ देंगे
- विदेश मंत्री बीरबॉक ने चीनी विदेश मंत्री किन गैंग के साथ बैठक की



**राष्ट्रीय खबर**

**मॉस्को:** रूसी निजी सेना के वैगनर बलों के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने कहा कि रूसी सेना बखमुत से भाग गई थी। बखमुत में वैगनर की सेना का नेतृत्व कर रहे प्रिगोझिन का कहना है कि रूसी रक्षा मंत्रालय का एक बल शहर के एक तरफ से भाग निकला है। नतीजतन, वह पक्ष कमजोर हो गया है। प्रिगोगिन को पुतिन का शेफ कहा जाता है। क्योंकि, उन्हें पहले क्रेमलिन (पुतिन के आवास) से इस काम की जिम्मेदारी मिली थी। प्रिगोगाइन ने शिकायत की कि रूसी रक्षा मंत्रालय लड़ने से ज्यादा चिल्ला रहा था। प्रिगोझिन ने यह भी बताया कि रूसी सैनिक इतने महत्वपूर्ण मोर्चों से क्यों भागे, इसकी खास वजह है। उन्होंने कहा, रूसी कमांडर मूर्खों की तरह आदेश दे रहे हैं। उनके आपराधिक निर्देशों के कारण सेना भाग गई है। ऐसा नहीं है कि एक मूर्खतापूर्ण आदेश के लिएसेना मर जाएगी।

बखमुत पर रूसी कब्जे के लिए रूस पूरी तरह इस निजी सेना वैगनर पर निर्भर है। वे वहां रूसी आक्रमण में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ महीनों से लड़ने के बावजूद, बखमुत में यूक्रेनी सेना को पूरी तरह से हटाया नहीं जा सका। कुछ दिन पहले भगनार ने कहा था कि अगर वे उन्हें हथियार और गोला-बारूद नहीं देंगे तो वे बखमुत छोड़ देंगे। तब रूस के रक्षा मंत्रालय ने उन्हें हथियार और गोला-बारूद देने की जानकारी दी थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस 9 मई को विजय दिवस से पहले बखमुत को हथियाना चाहता था। लेकिन वे नहीं कर सके। एएफपी के वीडियो समन्वयक अरमान सोल्डिन बखमुत के पास यूक्रेनी सेना के साथ थे।

रूसी सेना ने यूक्रेन की सेना पर रॉकेट से हमला किया। 32 वर्षीय फ्रांसीसी पत्रकार की मौत हो गई। इस बीच, जर्मन विदेश मंत्री बीरबॉक ने चीनी विदेश मंत्री किन गैंग के साथ बैठक की। जर्मनी के विदेश मंत्री ने कहा कि वे चाहते हैं कि रूसी सेना को दूसरे देशों से अपनी जरूरत की चीजें न मिलें। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि अगर कोई देश चीन या उसके संगठनों पर एकतरफा प्रतिबंध लगाता है तो वे उसका पुरजोर विरोध करेंगे। यूरोपीय संघ अब रूसी हथियार कारखानों की मदद करने के लिए कुछ चीनी कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंधों पर विचार कर रहा है।

---

## न्यूज फटाफट

### ईरानी प्रतिनिधि के मानवाधिकार फोरम की अध्यक्षता करने से अमेरिका नाखुश

**वाशिंगटन :** अमेरिका के विदेश विभाग ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के सोशल फोरम की अध्यक्षता के लिए एक ईरानी प्रतिनिधि को नियुक्त किये जाने को निराशाजनक बताया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने गुरुवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा,''इस पद पर ईरानी राजदूत की नियुक्ति,यह स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाला है। इस तरह के एक समूह की अध्यक्षता करने के लिए एक अहंकारी,लगातार मानवाधिकार उल्लंघनकर्ता के प्रतिनिधि की नियुक्ति, जिस फोरम की पहले से ही सीमित उपयोगिता है उसे और को कम करती है।'' ''हम निराश हैं कि परिषद के अध्यक्ष ने यह निर्णय लिया और ईरान का ऐसे निकाय के नेतृत्व के रूप में काम करना उचित नहीं है जिसे मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण से जुड़ा माना जाता है।''पटेल ने यह भी याद दिलाया कि अमेरिका ने अतीत में इस सोशल फोरम में भाग नहीं लिया था 2015 में इसके निर्माण के समय यह कहते हुये विरोध जताया था की इसकी उपयोगिता सीमित होगी और लागतों में अतिरिक्त इजाफा होगा।

### जापान के चिबा प्रान्त में 5.2 तीव्रता का भूकंप,आठ घायल

**टोक्यो :** जापान की राजधानी टोक्यो के समीप चिबा प्रान्त में गुरुवार सुबह 5.2 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये और आठ लोग घायल हो गये। जापान के प्रसाणकर्ता एनएचके की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुससार भूकंप गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 04:16 बजे आया। भूकंप का केंद्र 40 किलोमीटर (25 मील) की गहराई में था। इस संबंध में सुनामी चेतावनी जारी नहीं की गई है। भूकंप के कारण रेलों की आवाजाही को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था और इमारतों में लिफ्ट बंद कर दी गई थी।

### इराक कुर्दिस्तान से तुर्की को तेल निर्यात बहाल

**दोहा :** इराक 13 मई से इराकी कुर्दिस्तान से तुर्की को तेल निर्यात फिर से शुरू कर देगा। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अदालत के फैसले के कारण मार्च के अंत में यहां से तेल निर्यात निलंबित कर दिया गया था। इराक के तेल मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इराकी तेल विपणन संगठन एसओएमओ ने तुर्की की कंपनी बीओटीएएस को सूचित किया है कि 13 मई से निर्यात और लोडिंग परिचालन फिर से शुरू करेगी। तेल मंत्रालय के अनुसार इराकी कुर्दिस्तान फिल्ड से तेल निर्यात को फिर से शुरू करने का निर्णय इराकी मार्केटिंग कंपनी एसओएमओ द्वारा अपनाए गए तंत्र के अनुसार सेहान के तुर्की बंदरगाह के माध्यम से कच्चे तेल को बेचने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ अनुबंधों के मोलभाव के पूरा होने का संकेत देता है। मार्च के अंत में अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय ने देश के केंद्रीय अधिकारियों की सहमति के बिना कुर्दिस्तान से कच्चे तेल के निर्यात के संबंध में तुर्की के खिलाफ और इराक के पक्ष में फैसला सुनाया।

### ब्रसेल्स में 15-16 जून से मिलेंगे नाटो के रक्षा मंत्री

**मॉस्को :** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो )सदस्य देशों के रक्षा मंत्री गठबंधन के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग की अध्यक्षता में 15 से 16 जून तक ब्रसेल्स में एक बैठक करेंगे। नाटो प्रेस कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नाटो ने एक बयान में कहा,''रक्षा मंत्रियों के स्तर पर उत्तरी अटलांटिक परिषद (एनएसी) की बैठक 15-16 जून 2023 को ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय में होगी। बैठक की अध्यक्षता नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग करेंगे।''बयान में कहा गया कि बैठक के कार्यक्रम का अभी तक खुलासा नहीं किया गया है और यह''बैठक के करीब''उपलब्ध हो जाएगा। नाटो सैन्य समिति के अध्यक्ष रॉब बाउर ने बुधवार को कहा कि नाटो के रक्षा प्रमुखों ने गठबंधन के सदस्य-राज्यों की योजना के साथ नाटो सैन्य योजना के एकीकरण को मजबूत करने की योजना पर चर्चा की।

### सूडान से 18 हजार से अधिक लोगों ने इथियोपिया में किया प्रवेश

**अदीस अबाबा :** सूडान में जारी संघर्ष की स्थिति के कारण इथोपिया पहुंचने वाले लोगों की संख्या 18 हजार से अधिक हो गई है। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने यह जानकारी दी है। यूएनओसीएचए ने गुरुवार को जारी अपने नवीनतम स्थिति अद्यतन में कहा, ''मेटेमा सीमावर्ती शहर के माध्यम से सूडान से इथियोपिया पहुंचने वाले लोग अब 18 हजार से अधिक हो गए हैं,।'' यूएनओसीएचए ने बताया कि कि 440 से अधिक लोग इथियोपिया के बेनिशांगुल में कुरमुक सीमा पार बिंदु के माध्यम से इथियोपिया में प्रवेश कर चुके हैं। एजेंसी के अनुसार, सूडान में संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार इथोपिया के गाम्बेला क्षेत्र में पागक/बुबिएर सीमा पार से नए लोगों के आने की सूचना मिली है। यूएनओसीएचए के आंकड़े बताते हैं कि आने वाले लोगों में 60 राष्ट्रीयताओं के लोग है और सबसे बड़ा समूह इथियोपियाई, सूडानी और तुर्की हैं।

### तुर्की के कॉफी शॉप में गोलीबारी में पांच की मौत,दो घायल

**अंकारा :** तुर्की के इजमिर प्रांत में एक कॉफी शॉप में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजमिर प्रांत के मेंडेस जिले में एक कॉफी शॉप पर पुरुषो के दो समूह वित्तीय ऋण पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुये थे। तुर्की के समाचार पत्र हुर्रियत ने बताया कि चर्चा के दौरान दोनो गुटों में बहस इतनी बढ़ गयी की मामला फायरिंग तक पहुंच गया। इसके परिणामस्वरूप प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। अखबार ने कहा कि इस घटना से जिले के निवासियों में दहशत फैल गई और घटनास्थल पर कई पुलिस वाहन और एंबुलेंस कारें पहुंच गईं। हुर्रियत ने कहा कि पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### एक्स/ट्विटर के लिए नए सीईओ नियुक्त : एलोन मस्क

**वाशिंगटन :** अमेरिकी अरबपति एलोन मस्क ने कहा कि उन्होंने एक्स/ट्विटर के लिए एक नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है और वह छह सप्ताह में काम करना शुरू कर देगी। एलोन मस्क ने कहा, ''यह घोषणा करने के लिए उत्साहित हूं कि मैंने एक्स/ट्विटर के लिए एक नया सीईओ नियुक्त किया है। वह छह सप्ताह में काम शुरू कर देगी।''मस्क ने यह भी कहा कि उत्पाद,सॉफ्टवेयर और सिस्टम संचालन की देखरेख के लिए वह एक्स/ट्विटर पर एक कार्यकारी अध्यक्ष और सीटीओ में अपनी भूमिका बदल रहे हैं।

## आज का इतिहास

- 1648 : दिल्ली में लाल किले का निर्माण में पूरा हुआ।
- 1830 : इक्वेडोर गणराज्य की स्थापना।
- 1952 : स्वतंत्र भारत की पहली संसद का सत्र शुरू हुई।
- 1958 : जार्डन और इराक ने अरब फैडरेशन की स्थापना की।
- 1962 : सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने।
- 1978 : देश का पहला ध्वजवाहक जहाज आईएनएस दिल्ली सेवामुक्त हुआ।
- 1989 : चीन में लगभग 2000 छात्रों ने थियान अन मन चौक पर भूख हड़ताल शुरू की।
- 1995 : चेल्सी स्मिथ मिस यूनिवर्स बनीं।
- 1998 : भारत ने पोखरण में दो परमाणु परीक्षण किए।
- 1998 : जापान ने भारत को दी जाने वाली सहायता पर रोक लगायी।
- 2017 : दुनियाभर में वॉनाक्राय रैनसमवेयर से 100 से अधिक देश प्रभावित रहा।

## सुषमा टोप्पो बनी रेफरी

रांची:झारखंड की बेटी सुषमा टोप्पो को आगामी चौथा राष्ट्रीय रैंकिंग रोड स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रेफरी के रूप में रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा चयनित किया गया है। सुषमा चौथा राष्ट्रीय रैंकिंग रोड स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रेफरी की रूप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। यह प्रतियोगिता 1 जून से 5 जून तक खेलगांव रांची में आयोजित होगी।

गुड न्यूज — अब रांची में होगा कैंसर के मरीजों का इलाज, सीएम ने किया हॉस्पिटल का उद्घाटन

# कांके के सुकरहुटू में रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चालू

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व टाटा समूह के अधिकारियों ने शुक्रवार को कांके के सुकरहुटू में रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत ने कहा कि रांची में टाटा के द्वारा कैंसर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम किया जा रहा है। लेकिन यहां कैंसर से संबंधित स्वास्थ्य सुविधा नहीं के बराबर था, जिसे दूर करने का काम किया गया है।

कैंसर से ग्रसित लोग इलाज के लिए दूसरे राज्य में जाते थे। सरकार राज्य में कैंसर अस्पताल बनाने और चलाने का प्रयास कर रही थी। आज वो दिन सामने है, जब अस्पताल बना कर जनता को समर्पित किया गया है। यहां रिसर्च भी होगा। यह अस्पताल देश के लिए बेहतर रिसर्च सेंटर बने, ऐसी कामना करता हूं।कार्यक्रम के दौरान टाटा ट्रस्ट और स्टेट आरोग्य सोसाइटी के बीच एमओयू हुआ। मुख्यमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना के तहत झारखंड के कैंसर पीड़ित मरीजों का इलाज अब कोलकाता के टाटा ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल में हो सकेगा। बता दें के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में 10 नवंबर 2018 को इस अस्पताल का शिलान्यास किया गया था। अस्पताल के शुरू हो जाने से राज्य के करीब 5000 कैंसर के मरीजों और उनके परिवारों को लाभ मिलेगा।

टाटा ट्रस्ट 2017 से 6 राज्यों (आंध्र प्रदेश, असम, झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक) में कैंसर सुविधाओं का विकास और इलाज को लेकर काम कर रहा है। पैलेटीव केयर के माध्यम से कैंसर रोग के इलाज के लिए काम कर रहा है।रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में वर्ल्ड क्लास की मशीनें लगाई गई हैं। सीएम ने कहा कि राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स की व्यवस्था को भी बेहतर बनाने का काम हमारी सरकार ने किया है। राज्य के समग्र विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र के विकास में टाटा समूह को सरकार हरसंभव मदद करेगी। कैंसर हॉस्पिटल 25 एकड़ में फैला हुआ है।स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मील का पत्थर साबित होगा।

सीएम हेमंत सोरेन स्वास्थ्य के क्षेत्र को और बेहतर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। जमशेद जी टाटा के इस राज्य के विकास में योगदान का ही परिणाम यह कैंसर हॉस्पिटल है। अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना इस सरकार का कर्तव्य है।टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी नोएल टाटा ने कहा कि आज हमारे लिए गर्व का दिन है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए टाटा ने कदम बढ़ाया है। यहां बेहतर इलाज की व्यवस्था है। झारखंड के मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता था, लेकिन अब इस राज्य में अनुभवी चिकित्सकों की टीम के द्वारा कैंसर के मरीजों का इलाज किया जाएगा।मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सीएम के सचिव विनय चौबे, अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, विधायक दीपिका पांडेय, टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी नोएल टाटा, सिद्धार्थ शर्मा सीईओ, टीवी नरेंद्रन एमडी एवं सीईओ के अलावा टाटा स्टील के प्रतिनिधि और झारखंड सरकार के अधिकारी मौजूद रहे।

# छवि रंजन की 4 दिनों की ईडी को फिर मिली रिमांड

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**सेना की जमीन एवं अन्य दूसरे जमीन घोटाले मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन को 6 दिनों की पूछताछ के बाद शुक्रवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया. ईडी ने छवि रंजन से और पूछताछ के लिए फिर से रिमांड मांगा है. इसके जवाब में कोर्ट ने 4 दिनों की फिर से ईडी को रिमांड पर सौंप दिया है.इससे पहले ईडी के आग्रह पर कोर्ट ने 6 मई को छवि रंजन को 6 दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंपा था। शुक्रवार को छवि रंजन को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया है । गिरफ्तारी के बाद 5 मई को छवि रंजन को कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया था.जमीन घोटाले मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अब तक छवि रंजन सहित कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके पहले जमीन घोटाले मामले में 7 लोगों को इडी ने गिरफ्तार किया था। इडी ने जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी किया था। इस छापेमारी के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तारी हुई थी। इस छापेमारी के बाद ईडी ने रांची के सब रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी से पूछताछ किया था। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है। आपको बता दें कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने झारखंड में कई जगहों पर छापेमारी की थी। छवि रंजन के जमशेदपुर स्थित आवास में भी छापेमारी हुई थी।

### राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

रांची : 2018 में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के अधिवेशन में विवादास्पद टिप्पणी से जुड़े रांची सिविल कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अंबुजनाथ की कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में प्रतिवादी नवीन झा को लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया था।भाजपा नेता नवीन झा की ओर से कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष रहे राहुल गांधी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। इससे पहले नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से उनके द्वारा अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी पर माफी मांगने को कहा था। राहुल गांधी द्वारा माफी नहीं मांगे जाने पर नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज की थी।

# रांची स्मार्ट सिटी से सामानों की हो रही चोरी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**रांची स्मार्ट सिटी में आधारभूत संरचना का काम अंतिम चरण में है। सड़क, बिजली, अंडरग्राउंड केबलिंग, बस स्टॉप और पानी का पाइपलाइन बिछाने का काम लगभग कंप्लीट है, लेकिन देखरेख के अभाव में स्मार्ट सिटी एडीबी एरिया से महंगे सामानों की चोरी हो रही है। 656 एकड़ जमीन पर करोड़ों रुपये खर्च कर महंगे बिल्डिंग मेटेरियल्स, लाइट और केबल लगाए गये हैं।स्मार्ट सिटी में बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर का काम करने वाली एलएंडटी कंपनी के पास पर्याप्त सुरक्षाकर्मी नहीं हैं। इसका फायदा आसपास के बस्तियों में रहने वाले शरारती किस्म के लोग उठा रहे हैं। कई जगहों से केबल को काटकर चोरों ने बेच दिया है। बिजली के खंभे में लगे स्विच को उखाड़ दिया है। इतना ही नहीं पुराना कन्वेंशन सेंटर में लगे छड़ों और लकड़ियों को भी निकाल कर बेच दिया है। कंपनी ने कई बार पुलिस में शिकायत भी की। कुछ लोग पकड़े भी गये, लेकिन चोरी की घटनाएं रुक नहीं हो रही हैं।

# नगर निगम में नक्शा स्वीकृति मामले में महाधिवक्ता ने प्रपोजड फ्लो चार्ट कोर्ट में किया प्रस्तुत

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई शुक्रवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने नगर निगम में नक्शा स्वीकृति की कार्य प्रणाली में परिवर्तन से संबंधित प्रपोजड फ्लोचार्ट कोर्ट में प्रस्तुत किया। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरआरडीए एवं रांची नगर निगम (आरएमसी) को इस फ्लोचार्ट पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने मामले की सुनवाई 15 मई निर्धारित की है।पूर्व की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने कोर्ट से नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया था , जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को इससे संबंधित पिटिशन दाखिल करने को कहा था। बता दें कि इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा शीर्षक से यह खबर छपी हुई है। इसमें कहा गया है की राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम शुल्क 8 रुपया प्रति वर्ग फीट है लेकिन निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

### देवघर डीसी ने एसीबी की विशेष अदालत में दी गवाही



**रांची :** देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री शुक्रवार को रांची स्थित एसीबी की विशेष अदालत में उपस्थित हुए। खूंटी जिले से जुड़े ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशन से जुड़े मामले में गवाही दी। 2014 में खुंटी के तत्कालीन डीडीसी मंजूनाथ भजंत्री ने ही कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र मंडल के खिलाफ दर्ज करवाया था। कार्यपालक अभियंता शैलेंद्र मंडल ठेकेदारों से 20 प्रतिशत रिश्वत की मांग की थी।

### अधिवक्ता ने प्रोजेक्ट फ्लो चार्ट कोर्ट में किया पेश

**रांची:** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई शुक्रवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने नगर निगम में नक्शा स्वीकृति की कार्य प्रणाली में परिवर्तन से संबंधित प्रपोजड फ्लो चार्ट प्रस्तुत किया। जिस पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरआरडीए एवं रांची नगर निगम (आरएमसी) को इस फ्लो चार्ट पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है कोर्ट ने मामले की सुनवाई 15 मई निर्धारित की है।

# कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में गए पुलिसकर्मियों को मिलेगा 5 दिन का अनुमति अवकाश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में राज्य से बाहर गए झारखंड सशस्त्र पुलिस के जवानों व पुलिस अधिकारियों को एकमुश्त पांच दिन का अनुमति अवकाश देने के आदेश जारी किए गए हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ड्यूटी पर तैनात जैप और आईआरबी के 10 इको कंपनी में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी और पुलिस पदाधिकारी को पांच दिन का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया गया है। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने इसके लिये अनुरोध किया था, जिसे स्वीकृत कर लिया गया है। जैप डीआईजी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अनुरोध के आलोक में कर्नाटक विधानसभा चुनाव - 2023 ड्यूटी के लिये झारखंड सशस्त्र पुलिस और आईआरबी के 10 ईको कंपनी में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मी और पदाधिकारी को पांच दिन का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया जाता है। संबंधित समादेष्टा उक्त ईको कंपनी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और पुलिसकर्मियो को वाहिनी मुख्यालय और पोस्ट पिकेट पर नफरी के अनुसार बारी बारी से अनुमति अवकाश उपभोग करायेंगे तथा किसी भी परिस्थिति में पोस्ट पिकेट की सुरक्षा में कमी न हो इसे भी समादेष्टा सुनिश्चित करेंगे।

जल संकट — राजधानी रांची में पानी की किल्लत

# निगम ने पेयजल से पौधों की सिंचाई से किया मना

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**राजधानी में इन दिनों गर्मी अपने प्रचंड रूप पर है। प्रतिदिन राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब रहता है। लगतार बढ़ रहे तापमान से आम जनजीवन त्रस्त है। बढ़ रहे तापमान की वजह से राजधानी के विभिन्न जगहों पर जल संकट गहराता जा रहा है। कई कॉलोनी में तो लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। राजधानी में लगभग 400 स्थान ऐसे हैं जहां पर निगम की तरफ से टैंकर भेजकर पानी की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।पानी की बढ़ती समस्या को लेकर निगम के उप नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि जिस तरह से पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में निगम को पेयजल का मुक्कमल इंतजाम कराना कहीं ना कहीं बड़ी चुनौती है। उप नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि बढ़ती गर्मी में पानी की किल्लत को देखते हुए निगम के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि निगम की तरफ पौधो में जो पानी का छिड़काव किया जाता है वो पानी पीने योग्य होता है।टैंकर में जो बोरिंग का पानी भरा जाता है वो बहुत ही स्वच्छ होता है।

टैंकर में भरे पानी को लोग बिना फिल्टर किए पी सकते हैं। ऐसे में यदि गहराते जल संकट में पीने के पानी से पौधे का छिड़काव होता है तो कहीं ना कहीं जल संकट और भी गहरा सकता है। इसलिए सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि पौधे पर पानी का छिड़काव वैसे जल से करेंगे जो पीने योग्य न हो। जैसे तालाब, पोखर या अन्य श्रोतो के पानी का उपयोग पौधे और पेड़ों के लिए करें।बढ़ते जल संकट के बीच नगर निगम के आयुक्त की तरफ से और भी टैंकर मंगाए जा रहे हैं। फिलहाल 30 टैंकरों से लोगों की आवश्यकता को पूरा किया जा रहा है। वहीं लोगों को सुविधा मुहैया कराने के लिए निगम की तरफ से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। जिस पर लोग व्हाट्सएप और फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निगम की तरफ से कंट्रोल रूम में जल संकट को देखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की भी बहाली की गई है। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर भी डिस्प्ले किया जा रहा है। निगम की तरफ से 9431104429 मोबाइल नंबर जारी कर लोगों से अपील की गई है कि पानी की किल्लत पर शिकायत करें।

